


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 270- ● जबलपुर ● बुधवार, 3 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष -14 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

दीपावली,नरक चौदस विशेष पृष्ठ 7 पर

## आज छोटी दिवाली की रात जरूर जलाएं 14 दीये, परेशानियां होंगी दूर

दीपोत्सव का पर्व 2 नवंबर को धनतेरस से शुरू हो गया है। इसके दूसरे दिन आज नरक चतुर्दशी मनाई जाती है। इसे छोटी दिवाली भी कहते हैं। मान्यताओं के अनुसार आज के दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने वालों को स्वर्ग में जगह मिलती है। नरस चौदस को रूप चौदस भी कहा जाता है। इस दिन विधि-विधान से पूजा करने पर सुंदरता बढ़ती है। वहीं छोटी दीपावली पर दीये जलाने की परंपरा है। मान्यताओं के अनुसार आज के दिन दीपक जलाने से जिंदगी की सारी परेशानियां खत्म होती है तथा इसका लाभ होता है।

# MP में वर्षों से जमे पुलिस अधिकारियों को हटाने के आदेश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पुलिस विभाग के लिए आज बड़ी खबर है। सरकार ने उन सभी पुलिस अधिकारियों को हटाने के आदेश दिए हैं जो लंबे वक्त से पदस्थ हैं। दरअसल मध्य प्रदेश त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां तेजी से चल रही है। पुलिस मुख्यालय ने चुनाव आयोग की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए वर्षों से एक ही जिले में काम कर रहे पुलिस अधिकारियों को हटाने के आदेश जारी कर दिए हैं। गृह जिले में पदस्थ अधिकारियों को भी हटाया जाएगा।

### चुनाव आयोग की गाइडलाइन की ट्रांसफर पॉलिसी




पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश द्वारा आदेश क्रमांक 3912 दिनांक 2 नवंबर 2021 के माध्यम से मध्य प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों को आदेशित किया गया है कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं अन्य चुनावी प्रक्रियाओं को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रुप से संपन्न कराए जाने हेतु गृह जिले में पदस्थ अथवा 31 अक्टूबर 2021 की स्थिति में पिछले 4 वर्षों में से कोई 3 वर्ष 1 जिले में सेवा देने वाले पुलिस अधिकारी को ट्रांसफर किया जाना है।

### जानिए कौन-कौन से अधिकारी हटाए जाएंगे

पुलिस में काले ने पुलिस अधीक्षक से लिखित प्रमाण पत्र मांगा है। जिसमें एसपी को बताना होगा कि उनके जिले के अंतर्गत ऐसे पुलिस उप अधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, पुलिस उपनिरीक्षक या समकक्ष के अधिकारी पदस्थ नहीं है, जिन का गृह जिला है अथवा 31 अक्टूबर 2021 की स्थिति में पिछले 4 वर्षों में से 3 वर्ष इसी जिले में पदस्थ रहे हैं। प्रस्ताव एवं प्रमाण पत्र की लास्ट डेट 8 नवंबर 2011 दोपहर 12ः00 बजे तक निर्धारित की गई है।

## फटाफट खबरें




### भारत के पास उम्मीदों को जिंदा रखने का आखिरी मौका आज

**दुबई।** कप्तान विराट कोहली की टीम के पास आज आखिरी मौका होगा जब आज शाम अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबला होगा। टी20 वर्ल्ड कप में अब भारत के सिर्फ तीन मुकाबले बाकी हैं। इस वर्ल्ड कप के बाद कप्तान छोड़ने का फैसला कर चुके कप्तान विराट कोहली के लिए भी ये मैच बहुत अहम है। सभी की नजर इसी पर है कि कप्तान कोहली अंतिम 11 के लिए किन खिलाड़ियों का चयन करते हैं। आर. अश्विन टीम में शामिल होते हैं या नहीं। बता दें, यूएई में खेले जा रहे इस टी20 वर्ल्ड कप में भारत को अपने दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। पहले पाकिस्तान ने 10 विकेट से मात दी तो फिर न्यूजीलैंड ने भी 8 विकेट से हरा दिया। इस तरह सेमीफाइनल की राह मुश्किल है, लेकिन कप्तान कोहली ने उम्मीद नहीं छोड़ी है। ।

### गड्ढे में गिरी कार, एक आरक्षक समेत तीन की मौत

**गुना।** जिले के चांचौड़ा थाना अंतर्गत नेशनल हाइवे-46 पर बुधवार सुबह बरखेड़ा गांव के समीप एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गड्ढे में गिर गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक तीन साल का बच्चा भी शामिल है। वहीं तीन लोग घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीनागंज पुलिस चौकी प्रभारी दीपक भदौरिया ने बताया कि देवेंद्र दुबे और नीरज शर्मा आरक्षक हैं, जो शाजापुर जिले के अकोदिया और कालापीपल थाने में पदस्थ हैं। बताया गया है कि दोनों आरक्षक मुरैना जिले के सबलगढ़ के रहने वाले हैं। बुधवार सुबह दोनों आरक्षक परिवार सहित कार से ग्वालियर की ओर जा रहे थे।

### दीपावली बाद बढ़ सकता है कोरोना का कहर, रहें सावधान

**इंदौर।** पिछले करीब डेढ साल से कोरोना संक्रमण का दंश झेल रहे इंदौरियों को यह खबर परेशान कर सकती है कि दीपावली के बाद कोविड संक्रमण एक बार फिर बढ़ सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक ठंड का मौसम इस वायरस के लिए अनुकूल माना जाता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस बार कड़ाके की ठंड पड़ेगी। दशकों पुराने रिकार्ड भी टूट सकते हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि कोविड-19 वायरस भी तेजी से फैलेगा।

## पंजाब में कांग्रेस टूटने का डर सीएम चन्नी बोले-ऑल इज वेल



**चंडीगढ़।** पंजाब पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस पार्टी को आखिरकार छोड़ दिया है। अमरिंदर ने अपना इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेज दिया है। साथ ही उन्होंने एक नई पार्टी के गठन की घोषणा की। उन्होंने अपनी पार्टी का नाम पंजाब लोक कांग्रेस रखा है। सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद कैप्टन अमरिंदर पहले ही कह चुके थे कि वह कांग्रेस छोड़ देंगे। उन्होंने अपनी पार्टी के गठन का ऐलान किया था। इसके साथ ही पंजाब में कांग्रेस के टूटने का खतरा खड़ा हो गया है। हालांकि बुधवार को नवजोत सिंह सिद्धू और मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी साथ आए और संदेश देने की कोशिश की कि पंजाब में सबकुछ ठीक है। इससे पहले पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मंगलवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को पार्टी से अपना इस्तीफा भेजा। इसके बाद कैप्टन ने अपनी नई पार्टी के नाम की घोषणा भी कर दी।

### पीके की पंजाब में वापसी

पंजाब की राजनीति में फिर से प्रशांत किशोर की एंट्री हो गई है। पंजाब कांग्रेस में चल रहे घमासान के बीच कांग्रेस ने दोबारा पीके की तरफ देखना शुरू कर दिया है। सीएम चरणजीत चन्नी ने खुद इसकी पुष्टि की है। एक समाचार चैनल से बातचीत में सीएम चन्नी ने यह जानकारी दी कि उन्हें आलाकमान की तरफ से प्रशांत किशोर से चुनावी रणनीति साझा करने को कहा गया है।

## 15 टन सोने के आभूषण धनतेरस पर एक दिन में बिके



**नई दिल्ली।** बाजारों में दीपावली से पहले धनतेरस की सकारात्मक शुरुआत हुई और खोई चमक वापस पाते हुए सोने के आभूषणों और सिक्कों की बिक्री लगभग कोरोना पूर्व के स्तर पर पहुंचने की ओर है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि मंगलवार को धनतेरस पर देशभर में लगभग 75,000 करोड़ रुपये की बिक्री हुई और ग्राहकों ने करीब 15 टन सोने के आभूषणों की खरीदारी की। महामारी की घटती चिंताओं और मांग में तेजी के साथ उपभोक्ताओं की भीड़ सोने की खरीदारी के लिए दुकानों का रुख कर रही है। त्योहारी सीजन का इसमें अहम योगदान रहा। दुकानों में और ऑनलाइन बिक्री तेज होने के साथ सोने की कीमतों के अगस्त के 57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर की तुलना में अपेक्षाकृत नरम होने के साथ मंगलवार को खरीदारी में वृद्धि हुई, विशेष रूप से हल्के वाले सोने के उत्पादों की बिक्री में तेजी देखी गयी। हिंदू मान्यता के अनुसार धनतेरस को कीमती धातुओं से लेकर बर्तनों तक की खरीदारी के लिए सबसे शुभ दिन माना जाता है। गौरतलब है कि सोने की कीमत मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में 46,000-47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (करों को छोड़कर) के दायरे में थीं, जो इस साल अगस्त में 57,000 रुपये से अधिक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी थी। हालांकि, इस बार धनतेरस के दिन सोने की दर साल 2020 धनतेरस के भाव 39,240 रुपये प्रति 10 ग्राम की तुलना में 17.5 प्रतिशत अधिक थी। लेकिन लोगों ने फिर भी जमकर सोने की खरीदारी की। आभूषणों की दुकानों में उपभोक्ताओं की बढ़ी हुई भीड़ स्वर्ण विक्रेताओं में उत्साह भर रही है। ऑफलाइन खरीदारी में इजाफा हो रहा है। एक साल पहले की तुलना में दुकान पर जाकर खरीदारी करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या में 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि आभूषण उद्योग महामारी की वजह से आयी मंदी से उबरा है। धनतेरस पर देशभर में लगभग 75,000 करोड़ रुपये की बिक्री हुई और इस दिन करीब 15 टन सोने के आभूषणों की बिक्री हुई।

## नया सियासी समीकरण, कांग्रेस से गठबंधन करेगा रालोद



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह की मुलाकात के बाद प्रदेश में सियासी सुगबुगाहट तेज हो गई हैं। चर्चा है कि जयंत को कांग्रेस की तरफ से पंजाब विधानसभा चुनाव में सीटें देने और राज्यसभा भेजने का ऑफर दिया गया है। उधर, रालोद के थिंक टैंक का मानना है बसपा और कांग्रेस का गठबंधन होना मुश्किल है। जबकि बिना बसपा के इस गठबंधन के कोई मायने नहीं होंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा था कि उनका रालोद के साथ मजबूती से गठबंधन है। बस सीटों का बंटवारा होना है। ठीक यही बात रविवार दोपहर रालोद प्रमुख चौधरी जयंत ने भी लखनऊ में प्रेस वार्ता में कही थी, लेकिन शाम को कुछ और ही सियासी सीन नजर आने लगा। दिल्ली लौटते समय जयंत ने वह फ्लाइट छोड़ दी, जिससे अखिलेश भी दिल्ली जा रहे थे। उसके बजाय वह कांग्रेस के निजी विमान में प्रियंका गांधी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सांसद दीपेंद्र हुड्डा के साथ दिल्ली रवाना हुए। इससे पहले प्रियंका के साथ लखनऊ हवाई अड्डे पर भी काफी देर जयंत की बातचीत हुई।

## कम टीकाकरण वाले जिलों के डीएम के साथ पीएम की बैठक



**नई दिल्ली।** जी 20 शिखर सम्मेलन और COP26 में भाग लेकर देश लौटने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कम टीकाकरण करने वाले जिलों के डीएम के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में झारखंड, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय और कम टीकाकरण कवरेज वाले जिलों के 40 से अधिक जिलों के डीएम शामिल हैं। इस मौके पर कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद हैं।

## आईएस ने तालिबान की नाक में किया दम

**काबुल।** अफगानिस्तान पर तालिबान का राज हुआ है। आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट वहां पर ज्यादा ही सक्रिय हो गया है। तालिबान के खिलाफ तो उसने मोर्चा खोल दिया है। उसके आतंकी अफगानिस्तान में एक के बाद एक हमले किए जा रहे हैं, अब खबर आ रही है कि तालिबान के सबसे खास काबुल कमांडर हमदुल्ला मुखलिस को भी आईएस ने मार गिराया है। कमांडर मारा गया है। हक्कनी नेटवर्क भी यहां पर सक्रिय हो गया।

## एमपी में भी सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों से वसूलेंगे हर्जाना



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को कहा है कि राज्य में जल्द ही प्रिवेंशन ऑफ लॉस ऑफ पब्लिक एंड प्राइवेट प्रॉपर्टी एंड रिकवरी ऑफ डैमेज एक्ट लाया जा रहा है। इसके तहत सरकारी या प्राइवेट संपत्ति पर पथराव या अन्य किसी तरीके से नुकसान पहुंचाने वाले से हर्जाना वसूला जाएगा। यह हर्जाना घटना की जगह के आधार पर तय होगा। दंगाई, पत्थरबाज और दूसरों की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मिश्रा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कानून के तहत एक ट्रिब्यूनल बनेगा, जो हर्जाना तय करेगा। इसमें पुलिस महानिदेशक स्तर का अधिकारी, आईजी स्तर का अधिकारी और रिटायर्ड सेक्रेटरी होगा। इस ट्रिब्यूनल को सिविल कोर्ट जैसे अधिकार होंगे। कलेक्टर सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की जानकारी इस ट्रिब्यूनल को देगा। इसी तरह अगर किसी की निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है तो वह भी ट्रिब्यूनल से संपर्क कर सकेगा। उन्हें नुकसान की जानकारी ट्रिब्यूनल को देनी होगी।

### मजदूरों से भरी पिकप पलटी 4 महिलाओं की मौत

**वाराणसी।** छोटी दिपावली के दिन बुधवार अहले सुबह वाराणसी के डाफी क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हुआ। एनएच-दो पर सत्कार होटल के समीप मजदूरों से भरी पिकअप पलट गई। हादसे में पिकअप सवार चार महिलाओं की मौत हो गई। जबकि 19 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बालीवुड में नहीं होगी दिवाली की बड़ी पार्टी

**मुंबई।** धनतेरस से दिवाली का त्योहार शुरू हो गया है। दिवाली पर बॉलीवुड में होने वाली पार्टी काफी सुर्खियों में रहती हैं। हर साल मशहूर हस्तियां अपने-अपने घरों पर दिवाली पार्टी ऑर्गेनाइज करते हैं। हालांकि पिछले दो साल में कोविड-19 के कारण पार्टियों की चमक फीकी कर दी है। एक्टर अनिल कपूर और उनकी पत्नी सुनीता कपूर हर दीपावली पार्टी का आयोजन करते हैं। फिर बच्चन परिवार के साथ-साथ निर्माता एकता कपूर, अभिनेता शाहरुख खान और एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी भी हैं। ये पार्टी सीन के जाने-माने नाम हैं।

## अयोध्या में राम राज्याभिषेक की भव्य शोभायात्रा



**अयोध्या।** अयोध्या में भव्य दीपोत्सव के आयोजन की तैयारियां पूरी हो गई हैं। पूरी रामनगरी राममय हो गई है। नगर के साकेत पीजी कॉलेज से राम राज्याभिषेक शोभायात्रा जय श्रीराम के उद्घोष और शंखनाद के साथ रवाना हो चुकी है। जिसमें भारत की लोक संस्कृति के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। शोभयात्रा को उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं, शाम को होने वाले दीपोत्सव में पांच देशों से आये 10 हजार अतिथि गवाह बनेंगे।सरयू किनारे रामकथा पार्क में बुधवार दोपहर पुष्पक विमान स्वरूप हेलीकॉप्टर से प्रभु राम, सीता व लक्ष्मण उतरेंगे। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत मंत्रीगण और संत-धर्माचार्य दीप सजाकर प्रभु की अगवानी करेंगे।









जबलपुर, कटनी, भोपाल, मंडला, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

## धनतेरस पर बाजारों में बरसा धन...

# सोना-चांदी, बर्तन, इलेक्ट्रोनिक्स शोरूम पर बम्पर खरीदारी, करोड़ों का कारोबार



जबलपुर। इस बार की धनतेरस बाजार और व्यापारियों के लिए मंगलमय साबित हुई है। दो साल से कोविड के साए के बीच बाजार मंदा रहा था। पर इस बार कोविड को भूल कर बाजार में लोगों ने जमकर खरीदारी की। आलम यह रहा की आधी के बाद भी बाजार गुलजार रहे । सोना-चांदी, बर्तन, इलेक्ट्रोनिक्स व ऑटो मोबाइल सेक्टर में बम्पर खरीदारी हुई है। रात 10 बजे तक बाजारों में यह हाल था कि पैर रखने के लिए तक जगह नहीं थी। बाजारों में रात तक करोड़ों का कारोबार हो चुका था। व्यापारियों का कहना था कि धनतेरस पर रात 9 बजे के बाद तो सराफा बाजार में कारोबार शुरू होता है। बर्तन बाजार में रात तक लोग बर्तन खरीद रहे थे पीतल के बर्तनों की मांग ज्यादा रही। सुबह से ही शहर के बाजारों में महिलाओं, पुरुषों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। बर्तन, सराफा, पटाखों, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, लाई बताशा की दुकानों के साथ ही इलेक्ट्रानिक आइ 1. व्हीकल्स शो रुम में काफी भीड़ देखी गई। खरीददारी का यह क्रम देर रात तक चलता रहा। हर किसी ने कुछ न कुछ खरीदकर सुख समृद्धि बनाए रखने की कामना धन देवता से की।

### जवानों ने पूरे शहर में संभाला मोर्चा

– शहर में धनतेरस पर शहर के लोग मन भरकर खरीदारी करें, इसके लिए पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा ने पूरे इंतजाम किए थे। शहर के प्रमुख बाजारों में पुलिस, ट्रैफिक के करीब 650 जवान व अफसर तैनात किए गए। खुद एसपी श्री बहुगुणा पूरी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे थे। बाजार के अलावा थाना पुलिस सड़कों पर तैनात रही। जिससे बाजारों से खरीदारी कर लौट रहे लोगों के साथ कोई घटना न घटे।

### नरक चतुर्दशी आज

पांच दिवसीय पर्व सत्र में द्वितीय दिवस आज नरक चतुर्दशी का त्यौहार मनाया जा रहा। इसे रूप चौदस भी कहा जाता है। इस बार रूप चौदस के दिन हस्त नक्षत्र, विष्कुंभ योग, आनंद योग अवकरण का संयोग बन रहा है। नरक चतुर्दशी पर शरीर पर तेल, औषधि, उबटन लगाकर स्नान करने की मान्यता है। मान्यता के अनुसार स्नान कर नदी में दीप दान करने की परंपरा भी निभाई जाती है। ज्योतिषाचार्य पं.वासुदेव शास्त्री के अनुसार इस दिन कृष्ण ने नरकासुर नामक दैत्य का संहार कर सोलह हजार राज कन्याओं को उसकी वैसद से मुक्त कराकर उनसे विवाह रचाया था। उस महादैत्य ने मरते समय भगवान से वरदान मांगा कि उसकी मृत्यु का दिन सर्का खाने-पीने के रूप में मनाया जाए। वस्तुतः छोटी दीवाली या रूप चौदस भी इसी आयुर्वेद की महत्ता का परिचायक है।

### दीपावली का पर्व कल

दीपावली का पर्व चार नवंबर को मनाया जाएगा। इस दिन धन की देवी महालक्ष्मी, रिद्धि-सिद्धि के देवता गणपति, धन के देवता कुबेर के साथ महाकाली की पूजा का विधान है। अमावस्या तिथि को देर रात 3 बजकर 8 मिनट तक अमावस्या तिथि रहेगी। उसके बाद प्रतिपदा तिथि लग जाएगी। चित्रा एवं स्वाति नक्षत्र में चार नवंबर को सुबह 7 बजकर 50 मिनट तक चित्रा नक्षत्र रहेगा, उसके बाद स्वाती नक्षत्र रहेगा। प्रीति योग- सुबह 12 बजकर 9 मिनट तक रहेगा। आयुष्मान योग- चार नवंबर को सुबह 12 बजकर 10 मिनट से पांच नवंबर को सुबह 9 बजकर 27 मिनट तक रहेगा। प्रदोष काल- शाम 5 बजकर 12 मिनट से 7 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। इस दौरान अमृत और चर की चौघड़ियां भी मिलेगी। गोवर्धन पूजा - दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है। इस साल गोवर्धन पूजा का पर्व पांच नवंबर को पड़ेगा। कार्तिक शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पांच नवंबर रात 11 बजकर 14 मिनट तक रहेगी।



## कलेक्टर ने की सड़क किनारे लगी दुकानों से खरीददारी

जबलपुर। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने धर्मपत्नी डॉ अपूर्वा शर्मा के साथ मंगलवार की दोपहर इंदिरा मार्केट में सड़क किनारे छोटे व्यवसायियों द्वारा लगाई गई दुकानों से धनतेरस और दीपावली की खरीददारी की। श्री शर्मा ने इन दुकानदारों से बर्तन, मिट्टी से बने दिये और दीपावली पर लगने वाली सजावटी सामग्री खरीदकर स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने का संदेश नागरिकों को दिया।



## फ्लाई ओव्हर निर्माण के दौरान अब धूल धक्कड़ से मिलेगी राहत

**निर्माण मार्गो पर नियमित रूप से स्प्रिंकलर से कराया जायेगा पानी का छिड़काव**

जबलपुर । शहर के नागरिकों को जाम से मुक्ति दिलाने तथा आवागमन को सुगम बनाने की दृष्टि से दमोहनाका से मदन महल तक फ्लाई ओव्हर ब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्यो के दौरान तोड़फोड़ एवं खुदाई के कारण सड़कों पर धूल एवं मिट्टी का बिखराव होता है, जिससे अब शहर के नागरिको को काफी राहत मिलेगी। इस संबंध में निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने स्टेट पी.डब्लू.डी., मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के अलावा, नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के तकनीकी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की और बैठक में निर्माण मार्गो पर धूल न उड़े, सड़कों पर मिट्टी का जमावड़ा न हो और शुद्ध वातावरण बना रहे इसके लिए उपरोक्त विभाग के सभी अधिकारियों को पहल करने निर्देश दिये। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने उपस्थित अधिकारियों को बताया कि इसके लिए पाईप लाइन बिछाकर उसमें स्प्रिंकलर कनेक्शन कर निर्माण के दौरान नियमित रूप से पानी का छिड़काव करते रहें। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से एक ओर निर्माण स्थलों के आस पास स्वच्छ वातावरण बना रहेगा वहीं दूसरी ओर राहगीरों को धूल धक्कड़ से राहत मिलेगी तथा सुगम आवागमन कर सकेगें।

बैठक में निगमायुक्त जी.आर. ने प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्माण स्थलों के आस-पास वातावरण प्रदूषित न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने निर्माण एजेन्सी के प्रतिनिधियों को भी निर्देशित किया कि निर्माण के दौरान आवागमन में कोई अवरोध उत्पन्न न हो और स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, वैरीकेटिंग, आदि के पुख्ता इंतजाम हों।समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त जी.आर. ने नगर निगम और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों से चर्चा की और निर्माण कार्यो के सभी अवरोधों, अतिक्रमणों को हटाने तथा चिन्हित आदि कार्यो की जानकारी भी ली और सभी कार्यो को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में सहायक आयुक्त रचयिता अवस्थी, आर.ओ.एम.पी.पी.सी.बी. आलोक जैन, एन.सी.सी.एल. व्ही. श्रीहरि राज, पुनीत कुमार श्रीवास्तव, प्रोजेक्ट इंजीनियर प्रीति यादव, इंजीनियर गोपाल गुप्ता, एवं सब इंजीनियर संजय आदि उपस्थित रहे।

### कचरा गाड़ी में ही डालें

प्रशासक बी. चन्द्रशेखर और निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने शहर के समस्त सम्माननीय नागरिकों और अधिकारियों, कर्मचारियों को धनतेरस, दीपावली की शुभकामनाएँ दी और सभी के जीवन में खुशहाली आए और जीवन प्रकाशमय हो की कामना की। इस अवसर पर प्रशासक बी. चन्द्रशेखर एवं निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने शहर के सभी नागरिको से विनम्र अपील करते हुए कहा है कि सभी नागरिकगण खुशी से त्यौहार मनाएँ और घरों का कचरा घर के डस्टबिन में ही रखें।



## धनवंतरी जयंती पर आयुर्वेद आचार्यों का किया सम्मान

**जबलपुर।** भगवान धनवंतरी का जन्मोत्सव नगर के आयुर्वेदाचार्य एवं वैद्यराज के द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनाया गया द्य इसी कड़ी में राइट टाउन स्थित जमुना सभागृह में आयुर्वेद चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया द्य खुन्नेलाल एंड कंपनी की ओर से शरद अग्रवाल एवं डॉ. सुधीर अग्रवाल ने नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस एल पांडे का शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान सिद्धघाट के संस्थापक स्वामी पगलानंद की उपस्थिति में किया गया द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर मदन गोस्वामी थे द्य अपने उद्बोधन में चिकित्सकों ने कहा कि भगवान धन्वंतरी के अमृत कलश से निकली ऊर्जा द्वारा समाज के रोगियों को लाभ मिले ऐसी प्रत्येक आयुर्वेद चिकित्सक की मंशा होनी चाहिए द्य यहां शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एल एल अहिरवार, डॉक्टर सी एस शुक्ला, डॉ एसके खरे ,डॉ राजेश मिश्रा ,डॉक्टर ओपी राठौर, डॉक्टर शिव शंकर पटेल आदि की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन एन आई एम ए के सचिव डॉक्टर कल्याण सिंह ठाकुर ने किया।

## भगवान दत्तात्रेय मंदिर में पूजन आरती , सम्मान



भगवान धन्वंतरि अवतरण दिवस पर जबलपुर स्नेह नगर स्थित भगवान दत्तात्रेय मंदिर में पूजन आरती कर वरिष्ठ जन अरविंद वर्मा ( रिटायर्ड बैंक अधिकारी )को , तारके जी को शॉल ओढ़ा कर , मनोज कुशवाहा , संदीप अग्रवाल , सन्तोष , श्रीमती भावना , श्रीमती सुनीति विश्वकर्मा , को श्रीफल देकर सम्मान किया । प्रसाद वितरण कर आयुर्वेद अपनाने की कसम खाई ये सभी ने मिलकर व डॉ के के विश्वकर्मा ने प्रबंधन कियास्वास्थ्य धन ही सबसे बड़ा धन-कुलपति प्रो. मिश्र

## रादुविवि में पूजन कार्यक्रम

जबलपुर । स्वास्थ्य धन ही सबसे बड़ा धन है उसके बाद ही सभी प्रकार के धन को महत्व दिया जाना चाहिए। उपरोक्त विचार माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने विश्वविद्यालय के वैदेही स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित धनवन्तरि पूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। इसके अतिरिक्त उपस्थित चिकित्सिकों ने स्वास्थ्य लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. जी.एल. टिटोनी, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. चांदवानी, श्री रजनीश त्रिपाठी, श्रीमती आशा मट्टू सहित विवि के प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## दीवाली की खुशियाँ मनायें, हर घर दीप जलाये

**जबलपुर** । लायंस क्लब जबलपुर श्रद्धा के द्वारा लायन डॉ कान्ता करे की क्लिनिक सेठी नगर मे क्लब के द्वारा दीपावली पर्व के अवसर पर दीवाली की खुशियां मनाये हर घर दीप जलाये के अंतर्गत सेठी नगर के गरीब बस्ती में जाकर दीप, बाती, तेल, माचिस फुलझड़ियाँ, शक्कर, चावल सभी का पैकेट बनाकर वितरण किया । सभी लायन साथियों के सहयोंग से ये कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में लायन श्रद्धा साहू, लायन दीपा साहू अध्यक्ष, लायन ज्योति जैन( सचिव), लायन डॉ कांता खरें, डॉ संध्या जैन, लायन प्रेमलता श्रीवास्तव, विमला साहू, कृष्णा साहू, सुषमा साहू, नीलम खरे, डॉक्टर ज्योति तिवारी की गरिमामय उपस्थिति रही ।





## प्लेसमेंट प्राप्त 25 विद्यार्थियों को ऑफर लेटर वितरण

# शिक्षा का उद्देश्य लक्ष्य प्राप्त करते हुये आत्मनिर्भर बनना है : रोहाणी

**जबलपुर,** । स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तहत ऑन रोल (कंपनी पे रोल) पर प्लेसमेंट प्राप्त 25 विद्यार्थियों को आज ऑफर लेटर प्रदान करते हुये मुख्य अतिथि विधायक केंट अशोक रोहाणी, विधायक ने कहा कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हुये आत्मनिर्भर बने। रोजगार एवं स्वरोजगार हेतु विद्यार्थी स्वंय को तैयार करें। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। सीआईआई मॉडल कॅरियर सेंटर के सौजन्य से पेटीएम सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्राप्त हुआ है।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. लीला भलावी, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा द्वारा की गई। संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना प्रो. अरूण शुक्ल ने बताया कि योजना के द्वारा लगातार प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। विद्यार्थी रोजगार एवं स्वरोजगार की ओर आगे बढ़ रहे है। इस अवसर पर डॉ.टी.आर.नायडू, डॉ.पवन तिवारी, डॉ. बम्हानंद त्रिपाठी, डॉ. मुकेश शाह, अमित दुबे, इमरान कुरैशी, रजनीश तिवारी, उपस्थित रहें।

## पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा कार्मिकों को सातवें वेतनमान पर 8 प्रतिशत

जबलपुर, । एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेडद्वारा कंपनी में कार्यरत कार्मिकों को सातवें वेतनमान में 8 प्रतिशत व छठे वेतनमान के वेतन बैंड एवं ग्रेड पे के योग पर 17 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने के आदेश जारी कर दिए हैं। कार्मिकों को देय वार्षिक वेतन वृद्धि के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। महंगाई भत्ते की बढ़ी हुई दर की राशि का भुगतान दीपावली के पूर्व किया जाएगा। जारी आदेश के अनुसार सातवें वेतनमान में कार्मिकों को वर्तमान में मूल वेतन पर माह अक्टूबर 2021 से 8 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता देय होगा। उन्हें कुल 20 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। इसी प्रकार छठे वेतनमान में वेतन बैंड में वेतन व ग्रेड पे के योग पर कार्मिकों को माह अक्टूबर 2021 से17 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता देय होगा। उन्हें कुल 171 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा।पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्मिकों को वार्षितक वेतन वृद्धित एरियर्स की देय राशि का भुगतान नवम्बर 2021 के वेतन के साथ प्रारंभ करते हुए 6 समान किश्त में किया जाएगा। 1 मार्च 2022 के पूर्व सेवानिवृत्त हो चुके अथवा होने जा रहे कार्मिकों को एरियर्स की देय राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा।

## ओएफके में युवा प्रकोष्ठ ने मनाया म. प्र स्थापना दिवस सभा




जबलपुर यशभारत1 नवंबर मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर आयुध निर्माणी खमरिया के( आई एन डी डब्ल्यू एफ )के युवा प्रकोष्ठ ने सभा का आयोजन किया. जिसमें युवा सदस्यों ने सभा में अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि देश की आयुध निर्माणियों में लगभग 70त्न युवा कर्मचारी है।जो वर्तमान में आयुध निर्माणियों के डीमेट डेपुटेशन में जाने के कारण अपने भविष्य को लेकर आशंकित है। कर्मचारी सदस्यों ने ऐसे ही कई गंभीर मुद्दों पर चर्चा की। सदस्यों का मानना है निर्माणी में अधिकतम कर्मचारी आज एनपीएस सिस्टम के दायरे में है जिनका निगम में कोई भविष्य निश्चित नहीं है। सभा में प्रस्ताव रखा कि हमें न्यूनतम पेंशन की गारंटी दिया जाए। ताकि हमारा आने वाला भविष्य सुरक्षित हो सके ।कर्मचारियों ने डीमेट डेपुटेशन पर हमारे प्रमोशन भत्ता फिक्सेशन मेडिकल सुविधा जैसी मिलने वाली तमाम सरकारी सेवा शर्त बरकरार रहे। इस सभा को युवा प्रकोष्ठ के राष्टीय अध्यक्ष आनंद शर्मा अमित चौबे अखिलेश पटेल हिर्देश यादव अनिल गुप्ता जीजो सी जैकब रमेश यादव आदि ने संबोधित किया।इस मौके पर युवा प्रकोष्ठ के शिवम् शुक्ला राहुल पटेल प्रकाश रावत हनुमान रवि नायक रवि कांत मिश्रापंकज साहू सचिन तिवारी कमलेश पटेल, हिमांशु मिश्रा, प्रिंस,दुर्गेश सोनी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय का शिलान्यास

# पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय का शिलान्यास



जबलपुर। दयोदय तीर्थ गौशाला में निर्मित किए जा रहे पूर्णायु आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ का शिलान्यास मंगलवार को आचार्य विद्यासागर महाराज की उपस्थिति में सूरत से पधारे राजा भैया, प्रभात जैन मुंबई ,नवीन जैन मुंबई एवं प्रशांत जैन मुंबई के द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह एवं विधायक अशोक रोहाणी उपस्थित थे। निर्मित किए जा रहे आयुर्वेद महाविद्यालय के आर्किटेक्ट कनाडा के स्नेहिल जैन एवं दुबई के बहाल चंद कुलकर्णी कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आए, वास्तुविद स्नेहिल जैन ने बताया कि यह इमारत पुरातन वास्तु कला को ध्यान में रखकर तैयार की जायगी , इस वास्तु शिल्प में पत्थर एवं चूने का उपयोग ही किया जाएगा। कहीं भी लोहे का उपयोग नहीं किया जाएगा , उन्होंने बताया कि देश मे जो इमारतें देश में हजारों वर्षों से इतिहास संजोकर हमारे सामने खड़ी है वह सभी इसी पुरातन पद्धति से निर्मित की गई है । देश की ख्यातिप्राप्त वास्तुकार विपन सोमपुरा भी आयोजन में सम्मिलित हुए ।कार्यक्रम के प्रथम चरण में आचार्य श्री की पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य आईएएस राहुल जैन एवं उनकी धर्मपत्नी रूपल जैन को प्राप्त हुआ। मुनि श्री निरोग सागर जी महाराज की पिछिका रजनीश कुमार जैन लिबर्टी एवं ब्रह्मचारी कल्पना दीदी एवं रिचा दीदी को , मुनि श्री सागर जी नितिन सागर जी पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य रोहित जैन एवं मुनि श्री शीतल सागर जी महाराज की पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य ब्रह्मचारिणी रिचा जैन को प्राप्त हुआ ।आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने कहा की दयोदय तीर्थ दया का प्रतीक है यहां गायों के संरक्षण के लिए हजारों गायों का पालन किया जा रहा है, आचार्य श्री ने कहा कि पूर्णायु आयुर्वेद संस्थान शाकाहार के समर्थन में प्रारंभ किया जा रहा है , इसे चरक संहिता एवं आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों में वर्णित चिकित्सा पद्धतियों का उपयोग इस चिकित्सालय में किया जाना चाहिए , आयुर्वेद इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ है जो विस्मृत होता जा रहा था , यह अवसर प्राप्त हुआ है जब वनस्पति आधारित औषधियों का उपयोग लोगों के जीवन रक्षा में किया जाएगा।

# शटल, इंटरसिटी और विंध्याचल में मिलेगा सामान्य टिकट

जबलपुर । जबलपुर रेल मंडल में अब आगामी 8 नवंबर से मंडल की आधा दर्जन पैसेंजर यात्री गाड़ियों में सामान्य दर्जे की टिकट और सामान्य दर्जे के कोचों की व्यवस्था की जा रही है जिससे कि सामान्य एवम अनारक्षित श्रेणी में यात्रा करने के इच्छुक यात्री तथा नजदीकी स्टेशनों पर आने जाने के इच्छुक यात्रियों को इस सुविधा से अत्यधिक लाभ मिलेगा। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल से प्रारंभ वाली जबलपुर रीवा शटल ट्रेन नंबर 01705/06 में रेलवे ने सामान्य श्रेणी के दो डब्बे डो 9 एवम डी 10 के साथ ही पासल यान के यात्रियों के बैठने के खंड में भी सामान्य श्रेणियों को अनारक्षित टिकट पर प्रवेश करने का सुविधा प्रदान की है। इसी तरह जबलपुर से रीवा जाने वाली इंटरसिटी गाड़ी नंबर 02289/90 में भी डी 01,15,16,17 में, जबलपुर से हबीबगंज के बीच चलने वाली इंटरसिटी ट्रेन नंबर 020 51/52 के डी 5एवम6 तथा पार्सलयात्रियों के लिए सीट उपलब्ध रहेंगी। इसी तरह भोपाल से दमोह के बीच चलने वाली यात्री गाड़ी नंबर 01161/ 62 मे भी दो कोच डी 10,11 सामान्य श्रेणी के यात्रियों के लिए अनारक्षित रहेंगे। इस तरह की सुविधा रेलवे जोन ने जबलपुर के साथ ही भोपाल से ग्वालियर के बीच चलने चाली ट्रेन नंबर 04197 एवम कोटा से नागदा के बीच चलने वाली ट्रेन नंबर 09802 में भी लागू किया है। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 के चलते जबलपुर मंडल की उक्त सभी गाड़ियां पूर्व में थी लेकिन हाल ही में इन गाड़यों को चालू करने के उपरांत इसमें सिर्फ आरक्षित श्रेणी के यात्रियों को ही प्रवेश करने की सुविधा थी। रेल प्रशासन ने अब यात्रियों की मांग को देखते हुए उक्त गाड़ियों में भी सामान्य श्रेणी के टिकट उपलब्ध कराने का निणय लिया है। अब आगामी 8 नवंबर से उक्त सभी गाड़ियों में सामान्य टिकट पर यात्री अपनी कम दूरी की अथवा चाहे गए गंतव्य की और यात्रा करने के लिए पात्र होंगे।





# सिटी न्यूज

## अब विदेशों में भी भोजन का जायका बढ़ायेगी जबलपुर की मटर

# जबलपुरी मटर के नाम से होगी ब्रांडिंग

**जबलपुर।** जबलपुर जिले का मटर अब विदेशों में भी भोजन का जायका बढ़ायेगी। अभी तक देश के अन्य राज्यों और बड़े महानगरों को यहां से मटर की आपूर्ति की जाती थी अब दूसरे देशों को भी इसके निर्यात के रास्ते खुल गये हैं। फसल आने पर यहां से मटर दुबई एक्सपोर्ट की जायेगी। वियतनाम भी जबलपुर की मटर के संभावित खरीददारों में शामिल है। एक जिला-एक उत्पाद योजना में चयन के बाद से जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर कर्मवीर शर्मा की अगुवाई में जबलपुर की मटर की वैश्विक स्तर पर ब्रांडिंग और मार्केटिंग के लिये किये जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप हाल ही में दो बड़ी उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। जहां जबलपुर की मटर का ब्रांड नेम तय हो गया है, वहीं औद्योगिक क्षेत्र उमरिया डुंगरिया स्थित एक निजी प्रसंस्करण इकाई फोजन एग्रो को मटर के एक्सपोर्ट का लाइसेंस भी प्राप्त हो गया है। जबलपुर में उत्पादित मटर की पहचान देश और दुनिया मे जबलपुरी मटर के नाम से होगी । जबलपुर से बाहर भेजी जाने वाली मटर के हर बेग पर जबलपुरी मटर का लोगो लगा होगा । प्रशासन द्वारा उद्यानिकी विभाग से सहयोग से बकायदा इस ट्रेडमार्क (लोगो) का रजिस्ट्रेशन कराया गया है। इस लोगो (ट्रेडमार्क) का मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर मानस भवन में आयोजित जिले के मुख्य समारोह में लोकार्पण किया गया। जबलपुर की मटर को देश और दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाने के लिये मटर उत्पादक किसानों तथा दूसरे राज्यों एवं महानगरों को मटर की आपूर्ति करने वाली फर्मों के बीच समन्वय स्थापित कराया गया है। व्यापारी फर्म किसानों से मंडियों में मटर खरीदेंगीं और जबलपुरी मटर के लोगो लगे बेग में उसकी पैकिंग कर बाहर भेजेंगी। बता दें कि जबलपुर जिले में प्रतिवर्ष करीब 30 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे में मटर की फसल ली जाती है। यहां करीब 2 लाख 40 हजार मेट्रिक टन मटर की पैदावार होती है और 400 करो? रुपये का कारोबार होता है। जबलपुर जिले में मुख्यत- पाटन, शहपुरा, मझौली और पनागर विकासखंड में मटर का उत्पादन किया जाता है। यहां मटर की एपी-3, सीएस-10, पीएसएम-3, पीयू-1 और केए-5 किस्म की मटर बोई जाती है।जबलपुर की मटर का स्वाद देश के दूसरे राज्यों में उत्पादित मटर की तुलना में ज्यादा मिठास लिये होता है। यहां से देश के प्रमुख महानगरों के अलावा मटर की ज्यादातर आपूर्ति महाराष्ट्र एवं गुजरात सहित दक्षिणी भारत के राज्यों को की जाती है। जबलपुर की सहजपुर स्थित मंडी संभाग की सबसे ब?ी मटर की मंडी है। उपसंचालक उद्यानिकी डॉ नेहा पटेल के अनुसार आत्मनिर्भर भारत और आत्म निर्भर मध्यप्रदेश की संकल्पना के अनुसार जबलपुर जिले में एक जिला-एक उत्पाद के लिये मटर का चयन किया गया है। डॉ पटेल ने बताया कि जबलपुर जिले से विदेशों को मटर के निर्यात के लिये कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देशन में बनाई गई रणनीति के फलस्वरूप न केवल जबलपुर की मटर को विशिष्ट पहचान मिलेगी साथ ही किसानों को अच्छे उनकी फसल की अच्छी कीमत मिल सकेगी।

**बाहर भेजे जाने वाली मटर के हर बैग पर होगा जबलपुरी मटर का ट्रेडमार्क**

## हजारों के जेवर, 10 हजार नगदी चोरी

**जबलपुर, यशभारत। अधारताल के संजय नगर में सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों के जेवर और 10 हजार नगदी पार कर, रफूचक्कर हो गए। जिस वक्त यह घटना हुई, परिजन अपने काम में गए हुए थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है।**

जानकारी अनुसार मो. शरीफ उम्र 55 वर्ष निवासी संजय नगर ने पुलिस को बताया कि रद्दी चौकी में मुस्कान फ र्नीचर में सेल्समेन का काम करता है। उसका बेटा मो. सफ ीक घर में ताला बंद करके अपने-अपने काम पर चले गये थे। मंगलवार की देर रात दोनों घर आये तो देखा घर के दरवाजे का ताला टूटा था। अंदर जाकर देखा तो आलमारी का भी ताला टूटा था । सामान बिखरा पड़ा था, आलमारी को चैक करने पर सोने की अंगूठी, एक मंगलसूत्र एवं 2 जोड़ी पायल व नगदी 10 हजार रूपये गायब थे । कोई चोर रात में घर में घुसकर चोरी कर, जेवरात और नगदी उड़ा ले गया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

**अधारताल में पिता और बेटा गए हुए थे काम पर, एफआईआर दर्ज**

## ट्रेक्टर चालक ने नशे में धुत्त होकर लगा ली फांसी

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी की पुरानी बस्ती बिलपुरा में एक ट्रेक्टर चालक ने फांसी लगाकर मौत को लगे लगा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जांच अधिकारी रांझी नरेश मरावी ने बताया कि 32 वर्षीय ट्रेक्टर चालक धर्मेन्द्र बरमैया पुरानी बस्ती बिलपुरा का निवासी है। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को बताया कि धर्मेन्द्र शराब का आदी था और हमेशा नशे में डूबा रहता था। इतना ही नहीं परिजनों को भी प्रताड़ित करता था।

### लोहे की रॉड में बनाया फंदा

पुलिस ने बताया कि मृतक धर्मेन्द्र ने घर में जब कोई नहीं था, लोहे की रॉड में गमछे से फंदा बनाकर, फांसी पर झूल गया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।



## जरूरतमंदों को बांटे भोजन, मिष्ठान, बर्तन, दीये एवं रांगोली

**जबलपुर।** हनुमान जी की रसोई संस्था परिसर में जरूरतमंदो ं मजदूरों, महिलाओं, रिक्शा चालकों को भोजन, मिष्ठान, बर्तन, दीये एवं रांगोली का वितरण किया गया। श्रीमती पार्वती दुबे,डा ॅ. साकेत तिवारी, प्रमोद साहू, सौरभ रजक, संदीप विवेक दुबे,रजनी तिवारी, दीपांकर राज ेश दुबे, हरीओम, संजय साहू, कल्पेश तिवारी, दीक्षा,श्रुति द ुबे का सराहनीय सहयोग रहा।

# कोशल विकास के तुगलगी आदेश से कर्मचारी हलाकान

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने बताया कि मृत, स्थानांतरित, सेवानिवृत्त को भी कारण बताओ पत्र जारी कर दिया गया। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि कौषल विकास संचालनालय मध्य प्रदेश जबलपुर के पत्र क्रमांक 1120 भोपाल के द्वारा जारी आदेश में कर्मचारियों को कुशलम एप से उपस्थिति दर्ज करने का आदेश जारी किया गया है। इस आदेश में ऐसे भी कर्मचारियों को शामिल किया गया है जो जी.एस.पी भोपाल प्रशिक्षण हेतु गये हुए थे, और अपने कार्यों को पूंर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से कर रहे है परंतु इस आदेष के द्वारा उनकी कार्यषैली और ईमानदारी पर सवाल खड़ा किया गया है जो पूंर्णत: कर्मचारी विरोधी है जिससे कौषल विकास( आई.टी.आई ) के कर्मचारी अपने आप को छला हुआ महसूस करते हुए आहत हुए हैं।संघ ने बताया कि कौषलम एप से उपस्थिति दर्ज न करने वाले 1187 अधिकारियों/कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस बिना किसी जांच पड़ताल के जारी कर दी गयी जो की असंविधानिक है जिससे कर्मचारी आहत हुए हैं। वहीं जल्द बाजी में जारी सूची में मृत, सेवानिवृत्त, स्थानांतरित तथा विभागीय प्रषिक्षण प्राप्त करने गये अधिकारियों/कर्मचारियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है जो कि पूंर्णत: न्यायोचित नहीं है ऐसे आदेषों से ईमानदार कर्मचारियों का मनोबल गिरता है जिससे कर्मचारी हताष, परेषान और हलाकान रहता है कि पूंर्ण ईमानदारी से कार्य करने के बाद भी इस प्रकार का दुर्व्यवहार उनके साथ क्यों किया जा रहा है। संघ के कैलाष शर्मा, श्रिषी पराषर, विरेन्द्र कुमार सेन(बुधनी), जियाउर्रहीम, मीनूकांत शर्मा, स्टेनली नॉबर्ट, आदि ने सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल से मांग की गई है कि इस तुगलगी आदेश को अतिशीघ्र निरस्त किया जाए वरना संघ धरना प्रदर्षन के लिए बाध्य होगा।

**मृत, स्थानांतरित, सेवानिवृत्त को भी कर दिया कारण बताओ पत्र जारी**

## ट्रक में कस रहा था स्क्रू ,लगा करंट मैकेनिक की मौत

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर के चंडालभाटा में एक मैकेनिक करंट लगने से मौत हो गई । वह मशीन से ट्रक में स्क्रू कस रहा था तभी उसे जोर का झटका लगा ,वह वहीं तड़फते हुए बेहोश हो गया। जिसके बाद उसे नजदीक के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकरी एएसआई मानसिंह ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर चंडालभाटा निवासी प्रकाश चौधरी उम्र 40 वर्ष पिता पंछीराम चौधरी वहीं पर दूसरे की दुकान पर बतौर मैकेनिक की नौकरी करता था। इसी दौरान एक ट्रक के चक्के का स्क्रू ड्रिल मशीन से कसते समय करंट लग गया। जिसके बाद प्रकाश ने दम तोड़ दिया। यह खबर क्षेत्र में आग की तरह फैली और देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों का जमावड़ा लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। मृतक की दो संताने है और परिवार की माली हालत ठीक नहीं है।

## कोरोना कॉल में माता या पिता को गंवा चुके बच्चों की मदद

**जबलपुर।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने कोरोना से प्रभावित हुए परिवारों के ऐसे बच्चों की बेहतर देखभाल और अच्छी परवरिश के लिए जिले के नागरिकों से रेडक्रास सोसायटी को आर्थिक सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है जिनके सिर से माता या पिता का साया हट गया है। श्री शर्मा ने इस बारे में जारी अपील में कहा है कि जिला प्रशासन 18 वर्ष तक की आयु के विषम परिस्थितियों में रह रहे ऐसे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति जनसमुदाय के सहयोग से प्राप्त राशि से करेगा। उन्होंने बताया कि जिले में ऐसे 350 बच्चे चिन्हित किये गये हैं जिनके माता या पिता की कोरोना कॉल के दौरान मृत्यु हो गई है। श्री शर्मा ने दानदाताओं से इन बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने तथा उनके जीवन में आये अंधकार को दूर करने के प्रयासों में जिला रेडक्रॉस सोसायटी को आर्थिक सहयोग प्रदान कर सहभागी बनने अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से प्राप्त राशि से इन बच्चों को प्रतिमाह दो हजार रुपये की राशि का भुगतान किया जायेगा ताकि उनकी मूलभूत जरूरतों की पूर्ति हो सके। श्री शर्मा ने बताया कि नागरिक अपनी सहयोग राशि नगद अथवा चेक के माध्यम से जिला रेडक्रॉस सोसायटी को दे सकते हैं। इसके अलावा सहयोग राशि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जबलपुर के भारतीय स्टेट बैंक सिविल लाइन ब्रॉंच के खाता क्रमांक 38010798266 आईएफएससी कोड स्र्ढ्ढह्व0000390 में ऑनलाइन ट्रांसफर भी की जा सकती है।

**कलेक्टर ने की नागरिकों से रेडक्रास सोसायटी को आर्थिक सहयोग देने की अपील**

## चार्टर्ड इलेक्ट्रिकल सेफ्टी इंजीनियर परीक्षा दिसम्बर 2021 में

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश अनुज्ञापन मण्डल विद्युत भोपाल द्वारा संचालित चार्टर्ड इलेक्ट्रिकल सेफ्टी इंजीनियर परीक्षा माह दिसम्बर 2021 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र एम.पी. ऑललाइन के यूआरएल ढ्ढह्लह्लश्चह्य=//द्वह्यस्र.द्वश्चशठ्ठद्यद्बठ्ठद्ग.द्द्श1.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है। दिसम्बर 2021 में चार्टर्ड इलेक्ट्रिकल सेफ्टी इंजीनियर परीक्षा ऑनलाइन की जायेगी। चार्टर्ड इलेक्ट्रिकल सुरक्षा इंजीनियर के कार्य, उत्तरदायित्व और उसकी आवश्यकता की जानकारी के लिए केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण सुरक्षा और विद्युत आपूर्ति से संबंधित उपाय विनियम 2010 के विनियम 5 अ में देखा जा सकता है।

## खाली खेत में धान की फसल की झूठी जानकारी दर्ज करने पर पटवारी निलंबित

**जबलपुर।** धान पंजीयन सत्यापन कार्य में लापरवाही बरतने पर अनुविभागीय अधिकारी पाटन ने पटवारी हल्का नम्बर 5 राजस्व निरीक्षक मंडल कटंगी एक के पटवारी मुकेश तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरअसल संयुक्त दल द्वारा 28 अक्टूबर को धान पंजीयन सत्यान की जांच के दौरान यह पाया गया कि पटवारी मुकेश तिवारी ने रिक्त खेत में धान की फसल दर्ज कर सत्यापित किया है। जबकि मौके पर संयुक्त दल को खेत खाली मिला। पटवारी श्री तिवारी का यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन मानते हुये उन्हे निलंबित किया गया है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय तहसील पाटन निर्धारित किया गया है। साथ ही इन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।




## मध्यप्रदेश में विकास की असीम संभावनाएं

जबलपुर । सरदार पटेल विधि महाविद्यालय में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि सरदार पटेल महाविद्यालय संचालक इंजीनियर प्रभात दुबे रहे उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि मध्य प्रदेश का गठन किस प्रकार हुआ और मध्य प्रदेश भारत का केंद्र प्रदेश हैं जोकि 7 प्रदेशों की सीमाओं से लगा हुआ है मध्यप्रदेश में विकास की असीम संभावनाएं आज मध्य प्रदेश हर क्षेत्र में कार्य कर रहा है क्षेत्र में प्रगति हो रही है इस अवसर पर श्री ओम तिवारी जी प्रचार प्रियंका दुबे, मोहित यादव, मोनिका कुशवाहा, प्रशांत रजक, आकाश पटेल, रविंद्र गुर्जर के एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

### मिट्टी एवं गोबर के दीपक बेचने पर नहीं लगेगा कोई कर

**जबलपुर ।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि स्थानीय/ग्रामीण कारीगरों एवं गरीब महिलाओं द्वारा संचालित स्व-सहायता समूहों के द्वारा दीपावली पर्व के लिए निर्मित मिट्टी एवं गोबर के दीपक/दीप मालाएँ तथा विभिन्न धार्मिक प्रतीकों के विक्रय के लिए नगरीय क्षेत्रों में बाजार एवं तहबाजारी के साथ ही अन्य किसी भी प्रकार का कोई कर/फीस नही लगेगी। यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण तथा स्थानीय कौशल एवं इस पर आधारित स्व-रोजगार को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से लिया गया है। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा स्थानीय उत्पादों के विक्रय को बढ़ाने के उद्देश्य से वोकल फॉर लोकल का निर्णय लिया गया है।

## गंदगी फैलाने वाले 58 लोगों के विरूद्ध स्वास्थ्य विभाग ने की चालानी कार्रवाई

जबलपुर। निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों और मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों के द्वारा शहर भर में, गंदगी करने वाले, अमानक पॉलिथिन, बिना मास्क लगाए घूमने वाले नागरिकों और व्यापार करने वाले व्यापारियों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के संबंध में निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाने नगर निगम द्वारा अब लगातार गंदगी फैलाने वालों पर सख्ती की जा रही है। इसके साथ साथ कोविड-19 के संक्रमण से बचने संबंधी जारी नियमों के विपरीत कार्य करने वाले लोगों और दुकानदारों के विरूद्ध भी नगर निगम कार्रवाई तेज कर दी है। निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा गंदगी फैलाने, अमानक प्रकार की पॉलिथीन का विक्रय करने वालों के साथ-साथ बिना मास्क लगाए घूमने, अवैध बैनर पोस्टर के विरूद्ध आज भी कार्यवाही की गयी।

**वैदिक ज्योतिष समाधान**

कुंडली निर्माण/फलादेश, कुंडली मिलान/गुण मिलान, नौकरी/व्यापार, बाधा, शैतान बाधा, विवाह बाधा/स्वास्थ्य समस्याएँ , कानूनी ि व व ा द / प ा ि प ट ि विवाद,पितृदोष/मंगलदोष/ऋणदोष आदि कुंडली दोषो आदि किसी भी तरह की जीवन से जुड़ी समस्याओं के वैदिक ज्योतिष समाधान के लिए संपर्क करें।

ज्योतिषाचार्य आशीष कुमार रांझी, जबलपुर
मो./वॉट्सएप 8319296558, 9165367125,
समयः 9 AM से 10 PM

## अनेकांत की काव्यगोष्ठी

# चांद हमारे अँगना उतरे

**जबलपुर।** चाँद की शीतलता मन को लुभाती है। चाँद जब हमारे अँगना उतरता है तो पूरा वातावरण चाँदनीमय हो जाता है। दीपक का प्रकाश और चाँद दोनों सौंदर्य और आकर्षण का प्रतीक हैं । ऐसे में कवियों के मन में काव्यभाव सहज ही जागृत हो जाता है। अनेकांत संस्था ने दीपोत्सव के उपलक्ष में 'चाँद हमारे अंगना उतरे' विषय पर आनलाइन काव्यगोष्ठी का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। मुख्य वक्ता अतिथि राजेश पाठक प्रवीण, सारस्वत अतिथि अभिमन्यु जैन, माधुरी मिश्रा एवं संतोष नेमा थे। प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन देते हुये राजेन्द्र मिश्रा ने विषय का प्रवर्तन किया । संस्थागत उद्बोधन राजेन्द्र रतन ने दिया। आशुतोष तिवारी के कुशल संचालन में काव्य गोष्ठी हुई। सरस्वती वंदना अर्चना गोस्वामी एवं आभार प्रमोद दाहिया ने ज्ञापित किया ।



काव्य गोष्ठी में चाँद हमारे अंगना उतरे विषय पर प्रो. अरूणा पांडे, मनोज शुक्ला, आशुतोष तिवारी, कमलेश नाहटा, नारायण तिवारी, संतोष दुबे, आई. पी. गोस्वामी, प्रमोद दाहिया, मिथिलेश नायक, बसंत कुमार मिश्रा, महेश सोनी, माखन नगर, आशा जैन, निर्मला डोंगरे,सुषमा खरे, सुषमा सिंह कर्चुली, जी. एल. जैन, अनुराधा अनु, कुंजीलाल चक्रवर्ती , एड. श्री सलपनाथ यादव प्रेम, प्रदीप नामदेव, प्रमोद तिवारी, रत्ना ओझा, डॉ. शरद नारायण खरे, यशोवर्धन पाठक ने काव्य पाठ किया।

### जिला बार चुनाव, दावेदार ठोक रहे ताल

## एक दूसरे को कराया जा रहा ताकत का अहसास

जबलपुर। एमपी स्टेट बार कौंसिल के दिशा-निर्देश के परिपालन में जिला बार, जबलपुर के चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। शांतिपूर्ण तरीके से एक-दूसरे को अपनी ताकत का अंदाजा लगवाकर चुनाव जीतने की कवायद की जा रही है। जिला बार के चुनाव में अध्यक्ष पद से लेकर प्रत्येक पद पर बहुकोणीय मुकाबले के समीकरण बनते नजर आ रहे हैं। ऐसे में मुकाबला तगड़ा माना जा रहा है। निर्धारित सीमित मतदाताओं में से जो प्रत्याशी अधिकतम को अपनी तरफ झुका लेगा, वही विजेता का ताज पहनेगा।प्रचार को दे रहे अंतिम रूप - पूर्व जिला बार अध्यक्ष आरके सिंह सैनी एक बार फिर से अध्यक्ष बनने कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वे अपने समर्थकों के साथ प्रचार को अंतिम रूप देने की तैयारी में हैं। वही अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए आरके सिंह सैनी की दावेदारी को तगड़ा माना जा रहा है। जिसके पीछे कारण उनकी लगातार सक्रियता रही है। अधिवक्ता हितों को लेकर उनके द्वारा निरंतर आवाज उठाई जाती रही है। जिसके चलते अधिवक्ताओं का एक बड़ा वर्ग उनके समर्थन में है। वही पूर्व में भी अध्यक्ष पद के कार्यानुभव के कारण वे अपने प्रतियोगी उम्मीदवारों से कहीं आगे नजर आते हैं।

## पश्चिमी विक्षोभ का असर, कम हुई ठंड

जबलपुर। पश्चिमी विक्षोभ के असर से तापमान में उतार चढ़ाव जारी है। अभी दो दिन तापमान बढ़ सकते हैं या फिर स्थिर रहेंगे। लेकिन पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होते ही दिन और रात दोनों तापमान में गिरावट आएगी। इसके साथ ही सर्दी की शुरुआत हो जाएगी। मौसम विभाग ने नवंबर का पूर्वानुमान जारी किया है। मंगलवार को दिन का तापमान सामान्य रहा। रात का पारा सामान्य से नीचे पहुंच गया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 29.8 रहा। जबकि बुधवार सुबह का न्यूनतम तापमान 0.4डिग्री सेल्सियस गिरावट के साथ 12.1 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह की आर्द्रता 72 फीसदी रही। पश्चिमी विक्षोभ के असर से हल्के बादल आए थे जोअब छंट गए हैं।

**कार्यालय क्षेत्र संचालक, कान्हा टाइगर रिजर्व, मण्डला (म.प्र.)**

Ph. No. 07642-250760, Fax. No. 07642-251266
E-mail: fdknp.mdl@mp.gov.in

**ई-निविदा आमंत्रण**

निविदा सूचना क्रमांक/का.टा.रि./मा.चि./ 3316 दिनांक 27/10/2021

निर्माताओं/उत्पादकों अथवा उनके अधिकृत विक्रेताओं से सोलर सिस्टम हेतु बैटरी का क्रय करने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है :

| अ.क्र. | विवरण | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | Supply of Battery For Solar System 12V, 200Ah Tubular Battery C-10 LMLA CONFIRMING TO IEC 62133 IS 13369-1992 with Installation and 5 Year maintenance Contract | 40 no. |
| 2 | Supply of Battery For Solar System 12V, 150Ah Tubular Battery C-10 LMLA CONFIRMING TO IEC 62133 IS 13369-1992 with Installation and 5 Year maintenance Contract | 30 no. |

इच्छुक निविदाकार से दिनांक 22.11.2021 को दोपहर 3.00 बजे तक ऑनलाईन निविदा स्वीकार की जावेगी तथा दिनांक 23.11.2021 समय 16.00 बजे निविदा खोली जावेगी। निविदा शर्ते दिनांक 28.10.2021 से https://mptenders.gov.in/ पोर्टल पर देखी जा सकती है। पोर्टल पर पंजीयन (रजिस्टेशन) करने की प्रक्रिया एवं निविदा आनलाईन क्रय/जमा करने की प्रक्रिया संबंधी जानकारी प्राप्त करने हेतु नम्बर 0120-4001002, 0120-4200462 या ई-मेल आई.डी. support-eproc@nic.in पर संपर्क कर सकते है।

G-18756/21

उप संचालक
कान्हा टायगर रिजर्व,
मण्डला (म.प्र.)

## संपादकीय

# अब विकसित देश जिम्मेदारी निभाएं

ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग के भयावह परिणामों से जूझ रही है और विकासशील देश अपनी जवाबदेही से बच रहे हैं, भारत ने बड़ा कदम उठाते हुए वर्ष 2070 तक 'नेट जीरो' का लक्ष्य हासिल करने का वादा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस संकल्प को बड़ी बात माना जा रहा है क्योंकि भारत दुनिया में कार्बन उत्सर्जन करने वाला तीसरा बड़ा देश है। इससे पहले भारत ने 'नेट जीरो' को लेकर कोई संकल्प नहीं जताया था। दरअसल 'नेट जीरो' के मायने हैं कि कार्बन उत्सर्जन को पूर्णत- समाप्त कर देना, जिसके चलते धरती के वायुमंडल को गर्म करने वाली ग्रीनहाउस गैसों में इजाफा नहीं हो पायेगा। हालांकि, विकसित देश चाह रहे थे कि भारत इस लक्ष्य को वर्ष 2050 तक पा लेने की घोषणा करेगा। लेकिन भारत अपने आर्थिक हितों व विकास की गति को ताक पर नहीं रख सकता। वह भी तब, जब देश में उत्पादित आधी से अधिक बिजली कोयले पर आधारित है। हालांकि, चीन व अमेरिका दुनिया में सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक हैं और जनसंख्या के आधार पर भारत का प्रतिव्यक्ति कार्बन उत्सर्जन दुनिया के विकसित देशों के मुकाबले काफी कम है। उदाहरण के लिये जहां वर्ष 2019 में भारत का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन 1.9 टन था, वहीं इसी अवधि में अमेरिका का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन 15.5 व रूस का 12.5 था। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य 2050 तो चीन ने 2060 तक रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्लासगो सम्मेलन में दमदार तरीके से अपनी बात रखने में कामयाब हुए। उन्होंने जहां भारतीय जीवन दर्शन व संस्कृति में निहित पर्यावरण संरक्षण के उपायों का जिक्र किया, वहीं इस बात पर बल दिया कि जब तक हम अपनी जीवन शैली में बदलाव नहीं लाएंगे, तब तक पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य हासिल नहीं किये जा सकते। वे ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में उपस्थित 120 देशों के नेताओं को अपनी बात समझाने में सफल रहे। इस सम्मेलन में तार्किक रूप से अपनी बात रखते हुए प्रधानमंत्री ने 'पंचामृत' मंत्र के जरिये भारत की प्रतिबद्धता दर्शायी। पंचामृत सौगात का विस्तार करते हुए उन्होंने कहा, पहला मंत्र यह कि भारत 2030 तक अपनी जीवाश्म रहित ऊर्जा क्षमता को पांच सौ गीगावाट तक पहुंचायेगा। दूसरा मंत्र, अपनी ऊर्जा जरूरतों का पचास फीसदी रिन्यूएबल ऊर्जा से पूरा करेगा। तीसरा मंत्र, कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कटौती करेगा। चौथा, भारत इस अवधि तक अपनी आर्थिकी की कार्बन इंटेन्सिटी को पैंतालिस फीसदी कम करेगा। सबसे महत्वपूर्ण पांचवां मंत्र यह कि वर्ष 2070 तक भारत शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करेगा। साथ ही दुनिया को यह संदेश दिया कि हम उपभोक्तावादी जीवन शैली बदलें। तीसरे सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देश के इस संकल्प को अन्य देशों का सकारात्मक प्रतिसाद मिला, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन तथा मेजबान ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन भी शामिल थे। सम्मेलन में राष्ट्राध्यक्ष सहमत थे कि आसन्न संकट से निपटने में होने वाली हर दिन की देरी की कीमत दुनिया को चुकानी पड़ेगी। इस सम्मेलन को एक अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। वहीं महासचिव गुटेरेस ने चेताया कि जीवाश्म ईंधन की लत मानवता हेतु विनाशकारी है। यदि हमने धरती को न बचाया तो यह हमें नहीं बचाएगी। हमने प्रकृति को शौचालय की तरह इस्तेमाल किया है। हम बहुत गहरी माइनिंग व ड्रिलिंग करके सही मायनों में अपनी कब्र खोद रहे हैं। ग्लासगो शिखर सम्मेलन से दुनिया को बड़ी उम्मीदें रही हैं, हालांकि सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग व रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भाग न लेने से चिंताएं भी बढ़ी हैं। बहरहाल, दुनिया 2015 में हुए पेरिस समझौते के अनुरूप वैश्विक तापमान को दो डिग्री से कम रखने के लक्ष्य की तरफ बढ़ी है। कहना कठिन है कि हम कितने कामयाब होते हैं। लेकिन भारत ने पेरिस जलवायु समझौते की तरफ मजबूत कदम बढ़ा दिये हैं। अब बड़े-विकसित देशों को विकासशील देशों को कार्बन कटौती के बदले दी जाने वाली आर्थिक मदद के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए।

# नए कौशल के क्षेत्र में ग्रे आयरन फाउंड्री की उपलब्धियां



ग्रे आयरन फाउंड्री जबलपुर की स्थापना सन 1972 में सैन्य वाहनो के लिए विभिन्न प्रकार के कास्टिंग निर्माण हेतु की गई थी। समय के साथ अंतर्राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र मेंहो रहे बदलावों के मद्दे नजर एकल उत्पाद से निकलकर निर्माणी द्वारा उत्पाद विविधीकरण को अपनाते हुए कास्टिंग के अतिरिक्त जैसे अम्युनिशन बाक्स हेंड ग्रेनेड माइन प्रोटेक्टिव व्हीकल का हल 100-120 किलोग्राम एरियल बॉम्ब इत्यादि का भी उत्पादन सफलता पूर्वक किया गया है। भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के आत्मनिर्भर भारत अभियान के परिपेक्ष्य में हुए आयुध निर्माणियों के निगमीकरण को ग्रे आयरन फाउंड्री जबलपुर में एक नई युग की शुरुआतके रूप लिया गया है। सात नई रक्षा कंपनियाँ निश्चितही भारत की सैन्य क्षमता का मजबूत आधार बनेगी। ग्रे आयरन फाउंड्री जबलपुर रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने लिए हर चुनौती को स्वीकार ने के लिए तत्पर है। यह सर्वमान्य है कि यदि किसी कार्य में निपुण होना चाहते है तो आपको परिवर्तनशील रहना होगा। इसी क्रम में हाल ही में निर्माणी ने सारंग गन के उन्नयन का कार्य का जिम्मा लिया था। गन 130 एमएम कई सालों से भारतीय सेना द्वारा उपयोग की जा रही थी। अंतर राष्ट्रीय परिदृश्यमें देश के सुरक्षा हितों को ध्यान रखते हुए शारंग गन का उन्नयन अतिआवश्यक था। निर्माणी के लिए यह बिलकुल नवीन एवं चुनौतीपूर्ण कार्य था। निर्माणी के कुशल कामगार किसी भी चुनौती के लिए सजग एवं सक्षम है। नए सिरे से इसके लिए शुरुआत की गई। उपलब्ध संसाधनो सेनिर्माणी में गन शॉप का निर्माण किया गया जहाँ उन्नयन का कार्य होना था। उन्नयन के लिए सीमित समय में निर्माणी मे वांछित क्षमता का विकास किया गया। कर्मचारियों को इस नये कार्य से परिचित कराया गया। सभी के कठिन परिश्रम से सारंग गन 130 एमएम का उन्नयन कर उसे 155 एमएम किया गया। 130 एमएम की तुलना में 155 एमएम विश्व स्तरीय एम्युनिशन मानक है। इस उन्नयन से गन की मारक क्षमता 27 किलोमीटर से बढ़ कर लगभग 35-40 किलोमीटर हो गई है तथा शारंग तोप की विस्फोटक क्षमता में भी बढ़ोतरी हुई है। सारंग गन में शैल लोडिंग की प्रक्रिया को मैनुअल से सेमी ऑटोमैटिक किया गया है। पिछले वर्ष भी इस निर्माणी ने धनुष गन से संबंधित 09 कास्टिंग्स आपूर्ति की है। ज्ञातव्य है कि धनुष की कास्टिंग अति उच्च स्तर की मांग करता है। इस निर्माणी ने सभी मानको को प्राप्त करके सफल आपूर्ति की है। भविष्य में और भी कास्टिंगकी आपूर्ति करने की योजना बनाई गई है। कई वर्षो के बाद पुनः हेंडग्रेनेड बॉडी की आपूर्ति हाई एक्सप्लोसिव फैक्टरी खड़की को किया जा रहा है। उत्पादन लाइन बंद हो जाने के बाद लगभग नए उत्पाद की भांति इसका उत्पादन आरंभ कर दिया गया है। इसकी आपूर्ति हाई एक्सप्लोसिव फैक्टरी खड़की को करके उनसे संतोषजनक रिपोर्ट भी ले ली गई है। रक्षा क्षेत्र में देश की आत्म निर्भरता बढ़ाने के लिए ग्रे आयरन फाउंड्री जबलपुर अपना योगदान प्रदान कर रहा है। भविष्य में भी उत्पादों की भिन्नता और परिमाणइस निर्माणी को उच्चतर स्तर पर ले जाएगा।



अजय सिंह महाप्रबंधक (आई ओ एफ एस) जी आई एफ

# बीएसएफ अधिकार क्षेत्र में विस्तार पर सवाल

हाल ही में गृह मंत्रालय ने एक आदेश जारी कर पंजाब में सीमा नियंत्रण रेखा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल द्वारा तलाशी, बरामदगी और गिरफ्तारी करने वाले अधिकार क्षेत्र का दायरा 15 कि.मी. से बढ़ाकर 50 कि.मी. कर दिया। स्पष्ट है इस आदेश को जारी करते वक्त केंद्रीय गृह मंत्रालय की मुख्य चिंता जाहिर है सुरक्षा की दृष्टि से है, खासकर जम्मू-कश्मीर में बढ़ती सीमापारीय घुसपैठ, आम नागरिकों की हत्याएं और पंजाब सीमा पर ड्रोन गतिविधियों में बढ़ोतरी के मद्देनज़र। हालांकि पंजाब में ऐसा कुछ विशेष रूप से सामने नहीं आया है और यह निर्णय एहतियातन, नागरिकों और सुरक्षा बलों में खतरे की आशंका को लेकर सजगता बढ़ाने के उद्देश्य से ज्यादा लगता है।

इस पर आई पंजाब सरकार की प्रतिक्रिया अनुकूल नहीं रही और आदेश को वापस लेने की मांग की है। यहां तक कि सर्वदलीय बैठक में भी, जिसमें भाजपा शामिल नहीं हुई, इसको वापस लेने का प्रस्ताव पारित किया गया। सीमांत और अन्य इलाकों के बाशिंदों की प्रतिक्रिया खामोश किंतु नकारात्मक है। भौगोलिक दृष्टि से चूंकि पंजाब एक छोटा सूबा है, इस लिहाज से सीमा से 50 कि.मी. दायरा होने का मतलब है राज्य का लगभग आधा हिस्सा अधिकार क्षेत्र की जद में आ जाएगा। इसमें अमृतसर, फिरोज़पुर, तरनतारन, बटाला इत्यादि शहर भी आ जाते हैं। अमृतसर वैसे भी वह शहर है जिसे श्रीदरबार साहिब की उपस्थिति का आशीर्वाद मिला है और देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु यहां अपना अकीदा पेश करने आते हैं। एक अनकहा डर यह बन गया है कि कहीं बीएसएफ 50 कि.मी. पट्टी में मनमानी कार्रवाई न करने लगे, यहां तक कि शहरों-कस्बों में भी। चूंकि पंजाब में चुनावी दौर है, इस धारणा को बल मिलता है कि कहीं इसका प्रयोग विपक्षियों को निशाना बनाने में न किया जाए।

यह डर केंद्र और राज्य सरकार के बीच आपसी सलाह-मशविरा न होने की वजह से बना। इतनी गोपनीयता की जरूरत नहीं थी, राज्य सरकार को भरोसे में लिया जाना चाहिए था। दूसरा, इस आदेश पर अमल कैसे होगा, इसकी और अधिक जानकारी देनी चाहिए थी या फिर इसका अर्थ है कि पंजाब में 50 कि.मी. अंदर तक बीएसएफ अपने नाके-चौकियां बनाएगी या सिर्फ तैनात बल की शक्तियों में विस्तार किया गया? अगर तो बीएसएफ अमला जरूरत पर पंजाब पुलिस से तालमेल कर अपनी नई शक्तियों का प्रयोग करेगा, तो इस पर ज्यादा आपत्ति नहीं हो सकती। सीमा के एकदम साथ लगते इलाकों में पंजाब पुलिस के थाने और कर्मियों की उपस्थिति खासी है और बीएसएफ की बड़ी सक्रियता में उनको साथ रखा जा सकता है। अधिकार क्षेत्र में विस्तार से पहले वाले समय में भी बीएसएफ और पंजाब पुलिस के बीच सूचना एवं अभियानों संबंधी जानकारी का आदान-प्रदान का सहयोग कायम था। अंतत: यह सब ऊपरी स्तर के नेतृत्व के बीच संबंधों और फलत- धरातल पर बने सौहार्द पर निर्भर करता है।

मैंने लंबे समय तक पंजाब पुलिस में काम किया है, जिसमें 4 वर्ष अमृतसर में बतौर एसएसपी कार्यकाल भी शामिल है, साथ ही मुझे बीएसएफ का महानिदेशक होने का सौभाग्य भी मिला है। दोनों बलों में, एसएसपी और महानिदेशक रहते हुए, मेरा वास्ता इनके बीच बहुत बड़े खिंचाव से कभी नहीं हुआ। वरिष्ठ अधिकारी नियमित रूप से आपस में मिलकर मसलों को सुलझा लेते हैं। इससे पहले, बीएसएफ का महानिदेशक रहते हुए, जब यह बल जम्मू-कश्मीर के काफी अंदर तक तैनात था, तब भी राज्य पुलिस के साथ सीमा और अंदरूनी भागों में निकटवर्ती सहयोग पाया था। अब भी, मेरा सुझाव होगा कि या तो केंद्रीय गृह सचिव या फिर बीएसएफ के महानिदेशक इस आदेश के क्रियान्वयन और पहलुओं के बारे में ज्यादा जानकारी दें, इससे भ्रांतियां खत्म होंगी। यह सीमावर्ती नागरिकों के भरोसे में इजाफा करेगा।निस्संदेह राजनीतिक दलों का अपना एजेंडा होता है, इसलिए वे उसी मुताबिक चलते हैं। हम यह सुनिश्चित करें कि आम लोग तंग न हों और वे अपना काम बिना किसी डर कर सकें, खासकर जब सूबे में आज की तारीख में न तो विद्रोही गतिविधियों जैसे हालात हैं और न ही बड़ी तादाद में मानव और शस्त्रों की सीमापारीय घुसपैठ हो रही है। इससे आगे, वरिष्ठ और स्थानीय स्तर के अफसरों के बीच होने वाली नियमित बैठकों में कार्रवाई योग्य प्राप्त गुप्त सूचनाओं का आदान-प्रदान वास्तविक समय में होता रहे। इस विषयवस्तु में स्थानीय पुलिस अहम भूमिका निभा सकती है। हम में से जिस किसी ने पंजाब या जम्मू-कश्मीर में काम किया है, यह बात हर कोई कबूल करेगा कि कार्रवाई योग्य सबसे भरोसेमंद गुप्त सूचना सदा स्थानीय पुलिस से मिलती है, धरातल पर काम करने वाले पुलिसवालों का राब्ता उस इलाके से होता है और लोग उन पर भरोसा कर जानकारी देते हैं। यदि स्थानीय पुलिस सूचना प्रदान करे और बीएसएफ अपना कार्यबल, तो यह युग्म विजयी होता है। यही वजह है कि जम्मू-कश्मीर और पंजाब में सेना और अर्ध-सैनिकों बलों में विशेष कार्यबल ज्यादा लोकप्रिय रहे। आज भी, कश्मीर में विशेष कार्यबल आतंकरोधी अभियानों की रीढ़ हैं।याद रहे कि हमारा संवैधानिक ढांचा संघीय है, इसलिए कार्य का बंटवारा एकदम स्पष्ट होना चाहिए। कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है। बीएसएफ की स्थापना से पहले यह पंजाब पुलिस ही थी, जिसके जिम्मे सीमा की निगरानी थी। बीएसएफ के वजूद में आने के बाद, सीमारेखा से 15 कि.मी. तक इलाके की निगहबानी इसको दे दी गई। पंजाब पुलिस ने अपनी अलग बॉर्डर रेंज बनाई, जिसमें अमृतसर, गुरदासपुर और फिरोजपुर जिलों के सीमावर्ती थानाक्षेत्र शामिल हैं। बीसीएफ और पंजाब पुलिस के बीच निकट सहयोग सदा रहा है। इसलिए बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र में विस्तार करने की कोई वैध वजह नहीं लगती। अब राज्य और केंद्र सरकार को गृह मंत्रालय, बीएसएफ और राज्य प्रशासनिक इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय बनाने का काम करना होगा। गृह मंत्रालय को अपने तौर पर अचानक एकतरफा फैसलों की घोषणा नहीं करनी चाहिएङ्क सलाह लेनी सदा मददगार होती है। यह पहली मर्तबा है कि गृह मंत्रालय और बीएसएफ को सलाह देनी पड़ रही है कि आदेश के पहलुओं की व्याख्या करें। जो बात स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा रही है, वह यह है कि राज्य के अंदरूनी हिस्सों में बीएसएफ जांच चौकियों की स्थापना और देहात, कस्बों, शहरों में बड़े पैमाने पर होने वाली तलाशियां। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा नए आदेश की तफ्सील देने और वास्तविक धरातल पर बीएसएफ एवं पंजाब पुलिस के बीच निकट समन्वय के परिणाम में मधुर कार्य-संबंध बने रहेंगे। केंद्र ध्यान रखे कि ऐसा आभास न बने कि राज्य सरकार के अधिकारों का हनन हो रहा है, खासकर पंजाब जैसे सीमांत सूबे में, जहां लंबे समय के बाद शांति स्थापना हो पाई थी। केंद्र सरकार को पंजाब में उदारतापूर्वक बड़े पैमाने पर विकास कार्यक्रम चलवाने चाहिए ताकि लंबे चले आतंकवाद और कई युद्धों से हुए नुकसान की भरपाई हो सके।कुछ अर्से से, अपराध और कानून-व्यवस्था के विषय में राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में केंद्रीय एजेंसियों की दखलअंदाजी लगातार बढ़ती देखी गई है। बहुत से मामलों में सलाह-मशविरा नहीं किया जाता, परिणामस्वरूप अक्सर सूबे खुद को असहज स्थिति में पाते हैं। कभी एक राष्ट्रीय अखंडता परिषद थी, जिसकी बैठक साल में एक बार प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुआ करती थी और सभी मुख्यमंत्री भाग लेते थे।

**-गुरबचन जगत**

**लेखक मणिपुर के राज्यपाल, संघ लोकसेवा आयोग अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर में पुलिस महानिदेशक रहे हैं।**

# आपका राशिफल 04 नवम्बर

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ

समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर करेंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा

सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-6

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो

समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-1-4-8

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे

यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-2-6-8

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-3-5-8

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते

खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिलेगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू

समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-1-3-5

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**मकर** — भो जा जी खी खू खे खो गा गी

आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-1-6-8

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा

सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-8

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

## फिल्म वर्ग पहेली- 5640



**बायें से दायें:-**

१. शशिकपूर, रेखा, नीना गुप्ता की 'सांझ ढले गगन तले' गीतवाली फिल्म-३
३. 'तेरी आंखों के सिवा' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-३
५. संजय दत्त, मनीषा, रवीना की 'अंख लड़ती है तो' गीत वाली फिल्म-२
७. सलीम दुर्रानी व परवीन बाबी की बी. आर. इशारा निर्देशित फिल्म-३
८. आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
९. रवीना को किस फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्री पुरस्कार मिला था-३
११. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
१२. धर्मेन्द्र, सायराबानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
१३. फिल्म 'मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-२
१४. इच्छाधारी सांपों पर आधारित एक बहुसितारा फिल्म-३
१५.अक्षय, लारा, प्रियंका की 'किसी से तुम प्यार करो' गीत वाली फिल्म-३
१७.गुरूदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
१९. चंद्रचूड़, अरशद वारसी, तब्बू की 'पानी पानी रे' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आओ तुम्हें चांद पे' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा, रीना की फिल्म-२
२३. फिल्म 'विनाशक' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. 'ओरी छोरी' गीत वाली फिल्म-३
२६. संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. फिल्म 'ड्रीमगर्ल' की नायिका थी-२
२९.चंद्रचूड़, अरशद, मयूरी की फिल्म-३
३१. धर्मेन्द्र, हेमा की 'चोरों को सारे नजर आते हैं' गीत वाली फिल्म-२,३
३४. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक?-२
३५. अजय, आफताब, विवेक, रितेश, लारा दत्ता, अमुताराव, तारा शर्मा, जेनीलिया की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१.चंकी पांडे, जयाप्रदा, किमी की 'चीची वाला छल्ला' गीत वाली फिल्म-३
२. 'चांदा मामा दूर के' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
३. अशोककुमार, मीनाकुमारी की 'मन रे तू काहे ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'आपकी याद आती' गीत वाली फारूख शेख, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
६. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
१०. 'जुबां पे दर्द भरी' गीत वाली राजकुमार, माला सिन्हा की फिल्म-३
१२. 'बड़े मियां दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. संदीव कुमार और देवेन वर्मा दोनों की दुहरी भूमिकाओं वाली फिल्म-३
१६. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि, पूनम की फिल्म-३
१८. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की 'बहुत प्यार करते है' गीत वाली फिल्म-३
२०. फिल्म 'तेरे नाम' का नायक?-४
२२. सायराबानो की पहली फिल्म जिसके नायक शम्मीकपूर थे-३
२४. 'चूड़ेवाली छमिया' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
२८. बलराज साहनी, नूतन की 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'कोयल सी तेरी बोली' गीतवाली फिल्म-२
३०. फिल्म 'ताजमहल' की नायिका?-२
३२. रितिक, करीना की 'ऐरी रे ऐरी क्या है ये पहेली' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 5639**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# भखारियों के टीकाकरण की आवश्यकता

कोरोना संकट में बेघर लोगों और भिखारियों के टीकाकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक स्थलों से भिखारियों को हटाने के बाबत जो मानवीय दृष्टिकोण दिखाया, वह मुक्तकंठ से प्रशंसा योग्य है। कोर्ट ने उन्हें हटाने की मांग करने वालों को दो टूक जवाब दिया कि कोर्ट भिक्षावृत्ति उन्मूलन के बाबत अभिजात्य दृष्टिकोण के बजाय मानवीय नजरिये को तरजीह देगा। अदालत ने कहा कि लोग शौक से भीख नहीं मांगते बल्कि शिक्षा व रोजगार की दौड़ में पिछड़ने के चलते अपनी जमीन से उखड़कर सड़कों पर भीख मांगने को मजबूर होते हैं। इसलिये सरकारों को इसे एक आर्थिक व सामाजिक समस्या मानते हुए उनके जीवनयापन और पुनर्वास के लिये दीर्घकालीन उपाय करने चाहिए। हालांकि, वर्ष 2011 की जनगणना चार लाख भिखारियों का होना बताती है लेकिन वास्तव में यह आकंड़ा बहुत बड़ा है। इनके उत्थान के लिये सरकारी स्तर पर जो प्रयास हुए, उनका लाभ इस तबके तक नहीं पहुंचा है। ऐसे में जब कोरोना संकट में समाज का अंतिम व्यक्ति ही दारुण स्थिति से गुजर रहा है, तो भीख मांगने वालों की त्रासदी का आसानी से अंदाज लगाया जा सकता है। ऐसे में जो लोग वास्तव में मुश्किल हालातों से गुजरकर, विस्थापन, पलायन, दुर्घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं के चलते भीख मांगने को मजबूर होते हैं, उनके उत्थान व पुनर्वास के लिये केंद्र-राज्य सरकारों को मिलकर काम करना चाहिए। शारीरिक दृष्टि से सक्षम लोगों को व्यावसायिक कौशल से लाभान्वित किया जाए ताकि वे समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें। यह भी है कि समाज की करुणा को भुनाने के लिये माफिया बच्चों-विकलांगों तथा महिलाओं का अपहरण करके सुनियोजित तरीके से भीख मंगवाते हैं। कोशिश हो कि भीख मांगना व्यवसाय न बने। हर साल देश में चालीस हजार बच्चों का अपहरण करके उन्हें भीख मांगने और अन्य आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करके इनके गढ़ों का सफाया हो।यह अच्छी बात है कि देश का न्यायिक तंत्र और विधायिका का रुख इस वर्ग के प्रति संवेदनशील व करुणामय है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 2018 में भीख मांगने को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया था। दरअसल, हमने उन कारणों को संबोधित करते हुए कदम नहीं उठाये जो इस समस्या के मूल में हैं। यदि हम भीख मांगने को अपराध के दायरे में रखते हैं तो कहीं न कहीं व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। हालांकि, कई राज्यों ने इस फैसले को निरस्त करने के लिये शीर्ष अदालत में दस्तक भी दी है। इस समस्या के निराकरण के मकसद से भिक्षावृत्ति उन्मूलन और भिखारियों का पुनर्वास विधेयक 2018 संसद में लाया गया था, जिसे पारित करने में तेजी की जरूरत है। इससे इस वंचित समाज की पीड़ा को किसी हद तक कम किया जा सकेगा। निस्संदेह, शीर्ष अदालत में न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एम.आर. शाह की पीठ ने भिखारियों को हटाने के मामले में जो संवेदनशील रवैया दिखाया है, समाज को भी उसका अनुसरण करते हुए, इनके उत्थान के लिये प्रयास करने की जरूरत है। निस्संदेह किसी समाज में भिक्षावृत्ति का बड़े पैमाने में प्रचलन होना बताता है कि वह समाज सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरा नहीं उतरता। जाहिर-सी बात है कि किसी समाज में बड़ी संख्या में लोग शिक्षा-रोजगार से वंचित होने के बाद अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये भिक्षावृत्ति का सहारा लेते हैं। कह सकते हैं कि अदालत का संवेदनशील व्यवहार हमारे समाज में चलाये जा रहे (

## सूडोकु नवताल- 6141

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6140 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |



**विचार प्रवाह**

आज मिलावट का जमाना है। खाद्य पदार्थों और औषधियों में ही मिलावट नहीं चल रही है, विचारों और आदर्शों में भी मिलावट का काम जारी है। यहां तक कि हम जो सांस लेते हैं उसमें भी मिलावट है। सांस में ऑक्सीजन कम, कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा है। लोक कहते हैं- आज ईमानदारी के साथ जी नहीं सकते। मैं कहता हूं- ठीक है, अगर ईमानदारी के साथ जी नहीं सकते तो कोई बात नहीं, ईमानदारी के साथ मर तो सकते हैं। ईमानदारी मजबूरी से नहीं, मजबूती से बनें।

**मुनिश्री तरुणसागर**

## शब्द पहेली - 7157



**बाएँ से दाएँ**

1. अभिप्राय, अभिव्यक्ति-3
3. सादापन, भोलापन-4
6. अवश्य-3
7. कांच का मर्तबान-2
8. पानी से सराबोर-2
10. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12. उद्धार, उत्कृष्ट-3
15. माला का मोती-3
17. सेवक, रोगी की देखभाल करने वाला-5
20. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22. चलने का ढ़ंग-2
23. गर्भ-3
24. निम्न, निकृष्ट-4
25. कथा, गाथा-3

**ऊपर से नीचे**

2. कमरे में बंद करना-5
3. ईमान, नियत-3
4. क्षारीय-4
5. दीदार-3
7. आशिक, यार-2
9. एक विदेशी मदिरा-2
11. लीन, व्यस्त, मशगूल-3
13. उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15. मतवाला, उन्मादी-4
16. चाचा, अंकल-2
18. पैंतरा, वेग-2
19. काफी, कोको-3
21. गिरवी वस्तु-3

**शब्द पहेली -7132 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore



# भोपाल मंडल से गुजरने वाली 14 ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी

**भोपाल।** भोपाल रेल मंडल के स्टेशनों से होकर गुजरने वाली 14 ट्रेनें इस सप्ताह अलग-अलग तारीखों में बदले हुए मार्ग से चलेंगी। पटरी जोड़ने के काम के चलते इन ट्रेनों के मार्ग बदले हैं। पटरी जोड़ने का काम दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के काजीपेट-बल्लारशाह रेलखंड के मानिकगढ़-विहिरगांव-विरुर स्टेशनों के बीच किया जा रहा है।

### ये ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी

- सात नवंबर को ट्रेन 02576 गोरखपुर-हैदराबाद स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया-इटारसी-खंडवा-अकोला जंक्शन-नांदेड़-निजामाबाद-सिकंदराबाद होकर चलेगी।
- नौ नवंबर को ट्रेन 05023 गोरखपुर-यशवंतपुर स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया- इटारसी-खंडवा-अकोला जंक्शन-नांदेड़-मुदखेड़-निजामाबाद-काचीगुड़ा होकर चलेगी।
- छह नवंबर को ट्रेन 02591 गोरखपुर-यशवंतपुर स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया-इटारसी-खंडवा-भुसावल-मनमाड़-दौंड-सोलापुर-वाडी-रायचूर होकर चलेगी।
- छह नवंबर व 13 नवंबर को ट्रेन 02646 कोचुवेली-इंदौर साप्ताहिक स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाय- तेनाली जंक्शन-गुंटूर जंक्शन-पीजीडीपी-सिकन्दराबाद-निजामाबाद-पिम्पलखूटी-मजरी जंक्शन होकर चलेगी।

तीन नवंबर को 05016 यशवंतपुर-गोरखपुर स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया-

रायचूर-वाडी-सोलापु-दौंड-मनमाड़-भुसाव-खंडवा-इटारसी होकर चलेगी। चार व 11 नवंबर को ट्रेन 02590 सिकंदराबाद-गोरखपुर स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया-सिकंदराबाद-निजामाबाद-मुदखेड़-पिम्पलखूटी-मजरी जंक्शन होकर चलेगी।

- छह व 13 नवंबर को ट्रेन 06593 यशवंतपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला साप्ताहिक स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया-सिकंदराबाद-निजामाबाद-नांदेड़-अकोला जंक्शन-खंडवा-इटारसी होकर चलेगी।

नौ व 13 नवंबर को ट्रेन 02792 दानापुर-सिकंदराबाद स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया-इटारसी-खंडवा-अकोला जंक्श-नांदेड़-निजामाबाद-सिकंदराबाद होकर चलेगी।

10 व 14 नवंबर को ट्रेन 02791 सिकंदराबाद-दानापुर स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया सिकंदराबाद-निजामाबाद-नांदेड़-अकोला जंक्शन-खंडवा-इटारसी होकर चलेगी।

- नौ व 13 नवंबर को ट्रेन 02806 नई दिल्ली-विशाखापट्टनम स्पेशल, आठ नवंबर को ट्रेन 06318 श्रीमाता वैष्णव देवी कटरा-कन्याकुमारी स्पेशल बदले मार्ग नागपुर-गोंदिया-रायपु-टीलागढ़-विजियानगरम-दुव्वाडा-विजयवाड़ा होकर चलेगी।
- तीन, 10 नवंबर ट्रेन 02589 गोरखपुर-सिकंदराबाद साप्ताहिक स्पेशल बदले मार्ग मजरी जंक्शन-पिम्पलखूटी, मुदखेड़-निजामाबाद होकर चलेगी।
- आठ नवंबर को ट्रेन 02645 इंदौर-कोचुवेली साप्ताहिक स्पेशल बदले मार्ग मजरी जंक्शन-पिम्पलखूटी-निजामाबाद-सिकंदराबाद-पीजीडीपी-गुंटूर जंक्शन-तेनाली जंक्शन होकर चलेगी।
- ट्रेन दो, चार, छह, सात, आठ, नौ, 11, 13 नवंबर को ट्रेन 06250 हजरत निजामुद्दीन-यशवंतपुर स्पेशल बदले मार्ग इटारसी-खंडवा-भुसावल-मनमाड़-दौंड-सोलापुर-वाडी-रायचूर-गुंटकल होकर चलेगी।
- ट्रेन तीन, पांच, छह, सात, आठ, 10, 12, 13 नवंबर को ट्रेन 06249 यशवंतपुर-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल बदले मार्ग गुंटकल-रायचूर-वाड़ी-सोलापुर-दौंड-मनमाड़-भुसावल-खंडवा-इटारसी होकर चलेगी।

# आदिवासी गलियों से सियासत की राह

## इतिहास बताता है आदिवासी समुदाय की ताकत का पता



**भोपाल।** वैसे तो मध्य प्रदेश में सियासत की तासीर वर्ग, जाति, समुदाय से जुदा चल रही थी, लेकिन पिछले तीन दशक से ऐसे समीकरणों के भरोसे ज्यादा दिखाई पड़ने लगी है। शहरों में सोशल इंजीनियरिंग, तो ग्रामीण इलाकों, विशेषकर दूरस्थ क्षेत्रों में आदिवासी समुदाय के भरोसे ही सत्ता की नैया पार होने लगी है। इस लिहाज से सत्ता की चाबी आदिवासी समुदाय के हाथों में दिखाई पड़ती है। आदिवासी जिसके साथ हुए, सत्ता उसे ही मिली। नाराज हुए तो उस दल को विपक्ष में बैठना पड़ा। इसका खट्टा-मीठा अनुभव कांग्रेस व भाजपा दोनों के पास है। इस उपचुनाव में भाजपा को खंडवा संसदीय सीट और जोबट विधानसभा क्षेत्र में मिली जीत उसकी ओर आदिवासी समुदाय की वापसी का प्रमाण है। भाजपा 2023 के लिए सुनहरे सपने देख सकती है, जबकि कांग्रेस की नींद उड़ी हुई है। यह इसलिए कि 2018 में कांग्रेस का सत्ता का वनवास आदिवासी समुदाय ने ही समाप्त कराया था। अब कांग्रेस को आदिवासी वर्ग के बीच अपनी मौजूदगी टटोलने की जरूरत है। खंडवा संसदीय क्षेत्र के तहत नेपानगर, खंडवा, बागली और भीकनगांव विस के साथ ही जोबट भी आदिवासी प्रभाव वाले क्षेत्र हैं। यहां मजबूत मौजूदगी ही उपचुनाव में सफलता दिला सकती है, यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अच्छी तरह समझते हैं। तभी तो उनके चुनाव अभियान में जनसंपर्क, सभा, रैलियां, रोड शो के बाद आदिवासी समुदाय के घरों में भोजन और रात्रि विश्राम भी शामिल रहा। संदेह नहीं रह जाता कि चौहान को आदिवासी व्यंजनों का स्वाद पसंद आया होगा और रात्रि विश्राम में अच्छी नींद भी। आदिवासी वर्ग के गांव, बस्तियों और गलियों से ही सत्ता का आसान रास्ता निकलता है।

ये भाजपा ही नहीं, कांग्रेस को भी अच्छी तरह पता है। इन गलियों से कांग्रेस 2018 में गुजर चुकी है, लेकिन अब शायद कमल नाथ के लिए यह गलियां तंग साबित हो रही हैं, वहीं शिवराज सिंह चौहान इनमें फिर से पैठ बढ़ा रहे हैं। 15 नवंबर को राजधानी में जनजातीय गौरव समारोह में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया है। पांच लाख आदिवासी राजधानी भोपाल में जुटेंगे। आदिवासी राजाओं शंकर शाह और रघुनाथ शाह को श्रद्धांजलि देने सितंबर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जबलपुर आ चुके हैं। भाजपा और कांग्रेस के सत्तासीन होने का इतिहास देखें, तो आदिवासी समुदाय की ताकत समझना ज्यादा आसान हो जाता है। 1990 में आदिवासी सीटों पर भाजपा को मिली बड़ी जीत से भाजपा की सुंदरलाल पटवा की सरकार बनी थी। हालांकि, आदिवासी वर्ग ने फिर से कांग्रेस का रुख किया और 1993 में कांग्रेस ने सत्ता संभाल ली। करीब 10 साल तक यह वर्ग कांग्रेस के साथ रहा, लेकिन 2003 में आदिवासी वर्ग फिर भाजपा की तरफ मुड़ गया। कांग्रेस की सत्ता से विदाई हो गई। इसके बाद आदिवासी वर्ग कुछ आंकड़ों में हेरफेर के साथ 2008 और 2013 में भाजपा के साथ बना रहा, लेकिन 2018 में आदिवासी भाजपा से दूर हो गए। स्क्कभाजपा के हाथ से जहां आदिवासी प्रभाव वाली आधी सीटें फिसल गई थीं, वहीं कांग्रेस ने दोगुनी छलांग लगाई थी। यानी, भाजपा की 32 से घटकर सीटें 16 पर आ गई थी, वहीं कांग्रेस 14 से सीधे 29 तक पहुंच गई थी। प्रदेश में आदिवासी प्रभाव वाली 47 विधानसभा सीटें हैं। उपचुनाव के परिणाम सत्ता के समीकरण तो प्रभावित नहीं करेंगे, लेकिन 2023 विधानसभा चुनाव के सेमीफाइनल जरूर हैं। आदिवासी प्रभाव वाले क्षेत्रों में जो परिणाम आए हैं, वह भाजपा के लिए सुखद, कांग्रेस के लिए चिंताजनक हैं।



# दीपावली से पूर्व शहर में 35 केंद्रों पर वायु प्रदूषण की जांच शुरू एक सप्ताह बाद आएगी रिपोर्ट

भोपाल। दीपावली पर्व के आने में बस एक दिन शेष है। इस मौके पर शहर के 35 स्टेशनों पर वायु प्रदूषण की जांच शुरू कर दी है। इसकी रिपोर्ट एक सप्ताह बाद आएगी। इसका फायदा यह होगा कि इससे अगले वर्ष दीपावली पूर्व वायु प्रदूषण के नियंत्रण में मदद मिलेगी। यह जांच राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कराई जा रही है। ये सभी 35 केंद्र पूर्व से निर्धारित शहर के सात केंद्रों से अलग हैं, जहां पर जांच की जा रही है। इन्हें अस्थायी रूप से बनाया है। दीपावली के एक दिन बाद तक इनमें हवा में प्रदूषित तत्वों की स्थिति का पता लगाया जाएगा। यदि किसी क्षेत्र की हवा में प्रदूषण का स्तर अचानक बढ़ता है तो संबंधित क्षेत्र के रहवासियों को इसकी जानकारी दी जाएगी। बचाव के तरीके भी बताएं जाएंगे। हालांकि भोपाल शहर में ऐसी स्थिति पूर्व में कभी नहीं बनी है कि एकदम से वायु प्रदूषण इतना बढ़ गया हो कि क्षेत्रवासियों को बचाव के लिए सूचना देनी पड़े। हालांकि इन 35 केंद्रों पर जांच की एक सप्ताह बाद आने वाली रिपोर्ट को हबीबगंज, मंत्रालय, पर्यावरण परिसर समेत अन्य क्षेत्रों में लगे डिस्प्ले पर दिखाया जाएगा। पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारियों का कहना है कि इन 35 केंद्रों में शहर के सभी क्षेत्रों को लेने के प्रयास किए गए हैं।

### अभी यह है प्रदूषण की स्थिति

दीपावली के एक दिन पहले बुधवार सुबह से शहर की हवा में धूल का स्तर बढ़ा हुआ है। पार्टिकुलेट मैटर पीएम 2.5 का का स्तर 300 और पीएम 10 का स्तर 350 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक पहुंच गया है। यह स्थिति सुबह 11 बजे की है। दीपावली के दौरान जब पटाखें चलाएं जाएंगे तक यह स्तर और बढ़ सकता है। इसके अलावा ओजोन और कार्बन डाइ आक्साइड का स्तर भी सामान्य से अधिक है। इसके कारण शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 185 तक पहुंच गया है। यह सुबह की स्थिति है। शाम तक जैसे-जैसे शहर में वाहनों का दबाव बढ़ेगा, प्रदूषण भी बढ़ना तय है।

# कंप्यूटर साइंस विद्यार्थियों की पहली पसंद



**भोपाल ।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने प्रदेश के कालेजों को प्रवेश देने के लिए करीब एक माह तक की तारीख बढ़ा दी है। अब तकनीकी शिक्षा विभाग ने सत्र 2020-21 का रिवाइज्ड कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके अनुसार 30 नवंबर तक पहले वर्ष में प्रवेश दिए जा सकते हैं। अब प्रदेश 155 इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश करीब 28 दिन तक और चलेगी, क्योंकि एआईसीटीई ने अपने प्रवेश के कार्यक्रम में बढ़ोतरी कर दी है। एक माह तक का समय मिलने से प्रदेश के इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश की स्थिति में सुधार होगा। हालांकि एमबीए, फार्मेसी और पालीटेक्निक में बेहतर प्रवेश हो चुके हैं। एआईसीटीई ने यह निर्णय आइआइटी और एनआइटी की काउंसलिंग 15 नवंबर तक होने के कारण लिया है, क्योंकि आइआइटी और एनआइटी में प्रवेश लेने के लिय विद्यार्थी प्रदेश के कालेजों में हुए प्रवेश को निरस्त कराएंगे। इससे उनकी सीटें रिक्त रह जाएंगी। उनकी रिक्त सीटों पर पुन- प्रवेश कराने के लिए एआईसीटीई ने तकनीकी शिक्षा विभाग को 30 नवंबर तक काउंसलिंग कर सभी तकनीकी और मैनेजमेंट कोर्स में प्रवेश कराने का समय दिया है। तकनीकी शिक्षा विभाग (डीटीई) ने 155 इंजीनियरिंग कालेजों की अब तक की काउसंलिंग में 33 हजार 800 से ज्यादा प्रवेश हो चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा साढे 11 हजार प्रवेश कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग(सीएसई) में हुए हैं। वहीं प्रथम राउंड में दूसरे स्थान पर रहने वाली आईटी ब्रांच पांचवें नंबर पर पहुंच गई है, जबकि मैकेनिकल दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। प्रदेश के सभी कालेजों में सीएसई की 13 हजार 325 सीटें मौजूद हैं, जिसमें से करीब साढे 11 हजार सीटों पर प्रवेश हो चुके हैं। अभी तक काउंसलिंग में सबसे ज्यादा प्रवेश कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) में हुए हैं। वहीं मैकेनिकल ब्रांच में तीन हजार 620 प्रवेश हुए हैं। अभी भी करीब साढे 21 हजार सीटें रिक्त हैं।

### कालेजों में सीएलसी में 5136 प्रवेश

कालेजों में सीएलसी से प्रवेश लेने के लिए छह हजार 715 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराए थे। इसमें से पांच हजार 136 विद्यार्थियों ने फीस जमा कर प्रवेश लिये हैं। विभाग अपने सवा दर्जन कोर्स में एक लाख 15 हजार प्रवेश करा चुका है। वहीं इंजीनियरिंग में 33 हजार 800 प्रवेश होने के बाद एमबीए के 199 एमबीए कालेजों में करीब 30 हजार प्रवेश हुये हैं। इसके बाद इंजीनियरिंग डिप्लोमा, बीफार्मा और डीफार्मा अपनी सूची में विद्यार्थियों को प्रवेश दे सके हैं।

ब्रांच में प्रवेश के आंकडें

सीएसई- 11,500

मैकेनिकल- 3,620

सिविल- 3,270

सीई- 2,880

आईटी- 2,256



# एम्स के इंटर्न डाक्टरों की हड़ताल 21 दिन के लिए स्थगित

**भोपाल ।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल में बीते गुरुवार से चल रही इंटर्न डाक्टरों की भूख हड़ताल स्थगित हो गई है। एम्स के निदेशक डा. सरमन सिंह ने आंदोलन कर रहे डाक्टरों से मांग पूरी करने के लिए तीन हफ्ते का समय मांगा है। उन्होंने कहा कि इतना वक्त केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से बातचीत में लगेगा। एम्स के प्रेसीडेंट डा. वायके गुप्ता ने भी डाक्टरों से आंदोलन स्थगित करने को कहा था। हालांकि, डाक्टरों ने कहा है कि उनकी मांग नहीं मानी गई तो ठीक 21 दिन बाद फिर से उनकी भूख हड़ताल शुरू हो जाएगी।शाम सात बजे के करीब आंदोलन खत्म होने के बाद डाक्टरों ने अस्पताल में काम भी संभाल लिया है, जिससे की मरीजों के इलाज में परेशनी न आए। डाक्टरों ने बताया कि इस दौरान वह विरोध के तौर पर काला फीता बांधकर काम करेंगे। बता दें कि यह डाक्टर कोविड ड्यूटी के बदले प्रोत्साहन राशि की मांग कर रहे हैं। इन डाक्टरों में पांच ने मंगलवार सुबह से भूख हड़ताल शुरू कर दी थी है। भूख हड़ताल की सूचना पर एम्स के निदेशक सुबह भी डाक्टरों से मिलने पहुंचे थे। तब उन्होंने कहा था कि प्रोत्साहन राशि दिलाना उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

### क्या है मामला

एम्स प्रबंधन ने कोविड की दूसरी लहर के दौरान 17 अप्रैल से 9 जून तक 103 इंटर्न डाक्टरों की सेवाएं कोरोना से जुड़े कामों में ली थी। दिल्ली एम्स ने आठ घंटे की ड्यूटी के बदले एक हजार रुपये भुगतान किया है। एम्स भोपाल प्रबंधन इससे शुरू से ही मुकर रहा है।

# मछली पकड़ने को लेकर तकरार पर दो पक्षों में मारपीट, गाड़ियों के कांच तोड़े



**भोपाल ।** छोटे तालाब से मछली पकड़ने को लेकर हुई तकरार के बाद सोमवार रात दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। तलैया थाना इलाके के भोईपुरा में इस घटना में दोनों तरफ के लोगों द्वारा एक-दूसरे पर जमकर पथराव हुआ। इससे वहां खड़ी कई गाड़ियों के कांच टूट गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट, पथराव कर तोड़फोड़ करने का केस दर्ज कर लिया है। एहतियात के तौर पर मौके पर पुलिस तैनात कर दिया गया। तलैया थाना पुलिस के मुताबिक सोमवार रात भोईपुरा निवासी सचिन बाथम का तालाब से मछली पकड़ने को लेकर आदिल से विवाद हो गया। बात बढ़ने पर आदिल का साथी फराज भी आ गया। उधर सचिन की तरफ से कुणाल बाथम भी झगड़े में शामिल हो गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट करना शुरू कर दी। इस दौरान दोनों पक्षों ने पथराव शुरू कर दिया। इससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। साथ ही वहां खड़ी कार, जीपों के कांच टूट गए। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और झगड़ रहे लोगों को वहां से खदेड़ दिया। झगड़े में दोनों तरफ के लोगों को मामूली चोटें लगी हैं। इस मामले में पुलिस ने सचिन बाथम की शिकायत पर आरोपित आदिल और फराज के खिलाफ मारपीट, पथराव, तोड़फोड़ करने का केस दर्ज किया है। आदिल की शिकायत पर आरोपित सचिन बाथम और कुणाल के खिलाफ मारपीट, पथराव, तोड़फोड़ करने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



# आनलाइन गेम में डेढ़ हजार रुपये हारने के बाद किशोर ने बनाई अपहरण की झूठी कहानी

**उज्जैन ।** जीवाजीगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले एक किशोर ने अपने अपहरण की झूठी कहानी रच दी। दरअसल किशोर ने आनलाइन गेम फ्री फायर के लिए डेढ़ हजार रुपये के रिचार्ज करवा लिए थे। इसके मैसेज उसकी मां के मोबाइल पर जा रहे थे। माता-पिता की डांट के डर से वह इंदौर चला गया था। वहां उसने पुलिस को अपहरण की झूठी कहानी बताई थी। कोतवाली टीआइ अमित सोलंकी ने बताया कि 28 अक्टूबर को इंदौर के सराफा बाजार में एक किशोर रोते हुए लोगों को मिला था। लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी थी। पुलिस ने पूछताछ की तो किशोर ने बताया कि वह उज्जैन के जीवाजीगंज क्षेत्र में रहता है। वह कोचिंग जा रहा था। उसी दौरान निकास चौराहे के समीप अज्ञात दो लोगों ने उसे जबरन कार की डिक्की में डाला और इंदौर ले आए थे। यहां उसने दोनों के हाथ पर काटा और कार से उतरकर भाग गया था।

### दर्ज कर लिया था अपहरण का केस

इंदौर के सराफा बाजार पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर मामला उज्जैन कोतवाली पुलिस को सौंप दिया था। निकास चौराहे जैसे भीड़ भरे क्षेत्र से दिनदहाड़े किशोर का अपहरण पुलिस को संदिग्ध नजर आ रहा था। पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो इसकी पुष्टि नहीं हुई। इसके बाद किशोर से पूछताछ की तो उसने सच बताते हुए कहा कि आनलाइन गेम फ्री फायर के लिए उसने अपनी पाकेट मनी से डेढ़ हजार रुपये के रिचार्ज कर चुका है। इसके मैसेज उसकी मां के मोबाइल पर जाते हैं। उसे डर था की मां जब मैसेज देखेगी तो उसे माता-पिता दोनों डांटेंगे, जिसके कारण वह इंदौर चला गया था। वहां उसने अपहरण की झूठी कहानी बना ली थी। पुलिस ने उसे समझाइश दी तथा स्वजन को सुपुर्द कर दिया है।

# 10 वर्ष की बेटी के साथ अश्लील हरकत करता था शराबी पिता, प्रकरण दर्ज



**भोपाल ।** राजधानी में गोविंदपुरा थाना पुलिस ने एक 10 वर्षीय बालिका की शिकायत पर उसके पिता के खिलाफ अश्लील हरकत करने, पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। आरोपित के खिलाफ पत्नी की शिकायत पर पूर्व में मारपीट, घरेलू हिंसा का मामला भी दर्ज हो चुका है। शिकायत की जानकारी लगने पर आरोपित फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।गोविंदपुरा थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में रहने वाली बालिका एक निजी स्कूल में पढ़ती है। बालिका अपनी मां और चाइल्ड लाइन की टीम के साथ मंगलवार को थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। उसमें उसने बताया कि उसका पिता, मां के अलावा तीनों बहनों के साथ आए दिन मारपीट करता था। इसके अलावा बेटियों के सामने ही अपने पूरे कपड़े उतार देता था। वह बेटी के साथ अकेले में अश ?लील हरकत भी करता था। शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। चाइल्ड लाइन की संचालक अर्चना सहाय ने बताया कि बालिका के परिवार में माता-पिता के अलावा सात वर्ष, पांच वर्ष की दो बहनें और डेढ़ वर्ष का भाई है। पिता आए दिन शराब के नशे में उसकी मां के साथ बेरहमी से मारपीट करता था। इसके अलावा बेटियों पर बुरी नजर रखने लगा था। मां से सलाह कर बड़ी बेटी ने पहले सीएम हेल्प लाइन (181) पर समस्या बताई। वहां से चाइल्ड लाइन के फोन नंबर 1098 पर शिकायत करने को बोला गया। चाइल्ड लाइन ने जब बालिका की काउंसलिंग की, तो उसके पिता द्वारा की जा रही क्रूरता का पता चला।



## जारी रहेगी अनाथ असहायों की मदद

**मदनमहल क्षेत्र में स्वावलंबन केंद्र की शुरुआत**

**जबलपुर यशभारत** । अनाथ बच्चोंऔर असहाय महिलाओं की सहायता के लिए कार्यरत स्वयम सेवी संस्था निर्मल सहयोग के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओ को आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई, कढाई, बुनाई के अलावा ब्यूटीशियन और कुकिंग कोर्स के लिये च्वनिर्मल सहयोग स्वावलंबन केंद्रज्ज की स्थापना बेदी नगर मदनमहल मे की गई है।केंद्र का उद्धाटन जिला महिला एवं बाल विकास कार्य क्रम अधिकारी एम एल मेहरा द्वारा किया गया ।जिन्होने महिलाओ के सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाऔ पर प्रकाश डाला और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। संस्था की सचिव पूनम श्रीवास्तव ने संस्था द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्य क्रमों पर प्रकाश डाला जबकि संस्था की अध्यक्ष डाक्टर सविता वर्मा ने संस्था के उद्देश्यो व भविष्य की योजनाऔ की जानकारी दी।कार्य क्रम का संचालन अरविंद श्रीवास्तव ने किया।कार्यक्रम मे डा अमिताभ वर्मा गोविंद श्रीवास्तव ज्योति गौर अर्चना श्रीवास्तव डा. मधुका ललोराया वंदना चौबे कुसुम कांता खेस माधव श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## आदिवासी संस्कृति पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



**जबलपुर।** अमर शहीद बिरसा मुंडा की जयंती पर अखिल भारतीय शबरी महासंघ के तत्वावधान में जयंती पखवाड़ा का आयोजन 1 से शुरू हुआ। । इसी श्रृंखला में पूर्व विधायक नन्हे लाल धुर्वे के मुख्य आतिथ्य में बिरसा मुंडा चौक आधार ताल पर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। महा संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में बिरसा मुंडा पर केंद्रित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हितकारणी स्कूल विक्टोरिया अस्पताल के किया गया जिसमें बड़ी संख्या में प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओ की श्रृंखला में आज आदिवासी संस्कृति पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हितकारणी स्कूल विक्टोरिया के सामने आयोजित की गई है. सभी प्रतियोगीयो से समय पर उपस्थित होने की अपील रोशन लाल गोटिया, कुंजी लाल गोटियाँ जेठू लाल गोटियाँ सुमित्रा गोटियाँ अनीता गोटियाँ ने की है

## जरूरतमंदों को बांटे लक्ष्मी गणेश लाई, बताशे व मिष्ठान




**जबलपुर।** कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ जबलपुर चेंबर ऑफ चेंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में दीवाली पर्व पर जरूरतमंदों को लक्ष्मी गणेश लाई, बतासे व मिष्ठान पूजन अन्य सामग्री वितरित की । इस मौके पर व्यापारी संघ अध्यक्ष धनंजय बाजपेई ,दिलीप कुमार ,सौरव पटेल ,शशांक बर्मन ,गजेंद्र सेन ,विकास गुप्ता ,लकी पटेल ,शिवम पटेल ,रमेश कोहली, राजा खंडेलवाल ,नंदलाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मप्र क्रिकेट एसोसिएशन की प्रतिभा खोज चयन ट्रायल



**पहले चरण में 100 खिलाड़ियों ने लिया भाग**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की प्रतिभा खोज चयन ट्रायल नीमखेड़ा मैदान पर जबलपुर संभाग की क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित की गई जिसमें पहले चरण में 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया । मध्य प्रदेश से आए हुए चयनकर्ता हमीदुल्लह खान शांतनु पित्रे एरेल एंथोनी राजेश कनोजिया जबलपुर संभाग के सचिव धर्मेंद्र पटेल पवन सिंधिया विष्णु पटेल प्रतीक खरे शिवम ठाकुर शशांक कोस्टा अग्रज शर्मा राहुल राजभर संतोष बर्मन रितेश साहू चयनमें उपस्थित रहे जोकि आज अंतिम चरण में जिला व संभाग से प्रतिनिधित्व खिलाड़ी बालक व बालिकाओं की चयन प्रातः 8:00 बजे से एमपीसीए मैदान नीमखेड़ा मैदान पर की जा रही है।

**चमका सराफा और बर्तन बाजार, ऑटोमोबाइल्स, कपडा व्यवसायियों की दुकानों पर रही रौनक**

# पुष्प नक्षत्र के बाद धनतेरस पर गुलजार हुआ सराफा कारोबार







## पूरे पनागर में 50 लाख के पार पहुंचा कारोबारियों का कारोबार

**पनागर/**पुष्य नक्षत्र के बाद धनतेरस पर फिर से बाजार चमक उठा धनतेरस पर खरीदी के लिए शुभ मुर्हुत होने के कारण बाजार में खरीददारी के लिए लोगों की भीड रही सबसे ज्यादा भीड सराफा और बर्तनों की दुकानों पर रही। इसके साथ ही इलेक्ट्रोनिक्स सेक्टर, होम एप्लायंसेस और कपडा दुकानों पर पर भी काफी भीड रही। कारोबारियों के अनुसार सभी सेक्टरों को मिलाकर करीब-करीब 50 लाख के कारोबार की उम्मीद जताई जा रही है। धनतेरस के त्यौहार के चलते कारोबारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को फूल-मालाओं और अन्य आर्कषक ढंग से सजा लिए थे। सुबह के समय बाजार में भीड नहीं थी, दिन में भी भीड कम थी, लेकिन शाम होते ही बाजारों में भीड रही। लोग खरीददारी करने के लिए बाजार में निकले

### शाम होते ही भीड नजर आई

शाम को पनागर के सराफा बाजार, इलेक्ट्रोनिक्स सेक्टर के साथ ही होमएलायंसेस और बर्तन की दुकानों पर भीड रही रात 10 बजे तक बाजारों में लोग खरीददारी करते देखे गए। पनागर बाजार विशेषज्ञों द्वारा कुल मिलाकर करीब 50 लाख के कारोबार की उम्मीद जताई गई है।

पनागर के सभी सराफा कारोबारियों की दुकानों का कारोबार माने तो कुल मिलाकर 60 लाख रुपए के कारोबार का अनुमान है। सबसे ज्यादा, चांदी और सोने के सिक्के और कम वजन की ज्वैलरी और लक्ष्मी गणेश की प्रतिमाओं की बिक्री रही।

### बर्तन बाजार

धनतेरस पर मुख्यत- बर्तन खरीदने का महत्व माना जाता है। इसलिए दिन से लेकर रात तक बर्तनों की दुकानों पर भीड उमडती रही। कुल मिलाकर इस सेक्टर में 04 लाख के कारोबार का अनुमान है।

### इलेक्ट्रोनिक्स और होमएप्लायंसेस

इलेक्ट्रोनिक्स और होमएप्लांसेस की दुकानों पर भी काफी भीड रही। लोगों ने स्मार्ट टीवी, वॉशिंग मशीन और डबलडोर की फिज की खरीददारी की। कुल मिलाकर यहां 12 लाख से अधिक का कारोबार हुआ।

### ऑटोमोबाइल्स

ऑटोमोबाइल्स के लिए बाइक और ट्रैक्टर के शोरूम है। बाइकों की पहले से लोगों ने बुकिंग करा रखी थी और धनतेरस के दिन उठाने की औपचारिकता निभाई। इस सेक्टर में करीब 20 लाख के कारोबार का अनुमान जताया जा रहा है। वहीं कपडा, किराना, सजावट, और अन्य कारोबार को मिलाकर करीब 20 लाख के कारोबार का अनुमान है।

### इनका कहना है

किसानों की धान की फसल नही आई इस कारण बाजार फीकी नजर आई फुटकर दुकानों पर भी रौनक नजर नही आई

**अभिनंदन चौधरी**
**सराफा व्यापारी संघ अध्यक्ष**

## नपा अध्यक्ष के प्रयासों से शादी जन्मोत्सव अन्य कार्यक्रमों के लिए अब नहीं पड़ेगा भटकना

**जैतहरी।** मध्य प्रदेश शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री बिसाहूलाल सिंह की आशीर्वाद से नगर परिषद जैतहरी उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है अभी तक लोगों को एक धर्मशाला का सहारा था किंतु नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती नवरत्न शुक्ला एवं मुख्य नगर परिषद अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने जैतहरी वासियों की समस्याओं को जाना और समझा और निर्णय लिया कि जैतहरी में एक तुलसी मानस भवन सर्व सुविधा युक्त बनाया जाए जिसको नगर परिषद जैतहरी ने वार्ड क्रमांक 3 में 5000000 रुपए की लागत से बनवाया इसका शुभारंभ शीघ्र किया जाएगा और आने वाले दिनों में तुलसी मानस भवन बहुत कम दरों पर आम जनता को शादी विवाह जन्मोत्सव एवं अन्य कार्यक्रम करने के लिए उपलब्ध हो जाएगा

## सामाजिक आयोजन है समाज उत्थान मे सहायक



**जबलपुर।** कोरोना संक्रमण के दौरान शासन के नियमों का पालन करते हुए कलचूरी समाज के इष्ट देव राज राजेश्वर भगवान सहस्त्र बाहू के आशीर्वाद से जबलपुर कलचूरी महासभा के कलचूरी समाज भवन स्नेह नगर जबलपुर में आज दिनांक 31ए10ए2021 दिन रविवार को शाम 4 बजे से एक बैठक श्री मनोहर चौकसे जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमे समाज के समस्त पदाधिकारियों एवम सदस्यों सहित अन्य सम्मानीय जानो ने एक स्वर में कहा कि दिनांक 11नवम्बर 2021 को भगवान सहस्त्र बाहू की जयंती के उपलक्ष्य में विशाल पूजन. अर्चना का कार्यक्रम किया जाएगा साथ ही वरिष्ठ जनो का सम्मान किया जाएगा एवम महिला मंडल द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम भी रखा जाएगा बैठक में मनोहर चौकसेए जे पी शिवहरेए जी एस चौकसेए शैलेन्द्र महाजनए मिथिलेश चौकसेए रवींद्र चौकसेए राजेंद्र रायए डॉ अनिल कुमार रायए श्रीमति रेखा चौकसेए श्रीमती मीना शिवहरेए उमाभारतीए डॉ वी के गुप्ताए संजय जैसवालए संजय शिवहरेए कौशलेंद्र महाजनए मनीष चौकसेए आशीष राय एवम अन्य की उपस्थिति रही।

## राहुल भैया की मेहनत रंग लाई- सुजीत

**बुढार।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढार के अध्यक् सुजीत सिंह चंदेल ने सतना जिले की रैगांव सीट पर हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा उपचुनाव के परिणाम पर हर्ष प्रकट करते हुए कांग्रेस की जीत का श्रेय विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल को दियाद्य उन्होंने कहा कि राहुल भैया के कड़े परिश्रम और सघन जनसंपर्क का परिणाम है कि सत्ता पक्ष के प्रत्याशी को मात देते हुए रैगांव सीट पर कांग्रेस का झंडा फहराया चंदेल ने सभी कार्यकर्ताओं को इस जीत का श्रेय देते हुए राहुल भैया को बधाई प्रेषित की।

# नए आंगनबाडी भवन का उद्घाटन

**गोटेगांव।** विगत 02/11/2021 को एकीकृत महिला बाल विकास परियोजना गोटेगाँव के अंतर्गत आने वाले शहरी सेक्टर में आंगनबाड़ी केन्द्र बोस वार्ड के नवीन निर्मित भवन का उद्घाटन माननीय विधायक श्री जालम सिंह जी पटेल द्वारा किया गया। माँ सरस्वती पूजन व कन्या पूजन पश्चात उपस्थिति जन प्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष श्री संतोष दुबे जी , हाकम सिंहचढार पूर्व विधायक महेन्द्र नागेश पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष निधान सिंह पटेल भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र चौबे पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष अभिषेक पटेल मण्डल अध्यक्ष विजय पटैल द्वारा क्षेत्र के हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के संबंध में उद्बोधन दिया गया। विधायकद्वारा कहा गया कि आंगनबाडी केन्द्र बच्चों की प्रारम्भिक शिक्षा के लिये अत्यंत महत्तपूर्ण है व उन्होंने बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने पर जोर देते हुये बच्चों के लिये उपयोगी खिलौने देने की घोषणा की माननीय विधायक जी व उपस्थित जनप्रतिनिधिगणों द्वारा आंगनबाडीपरिसर में पोषण वाटिका में आम एवं आँवले के वृक्षों का रोपण किया गया। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित लाडली लक्ष्मी योजना के अधिकार पत्र, मातृवंदना योजना के स्वीकृति पत्र व पोस्ट ऑफिस में सुकन्या समृद्धि के लाभावित बालिकाओं के पास बुक का वितरण किया गया उक्त अवसर पर परियोजना अधिकारी सुश्री रश्मि बोहरे जी द्वारा महिला बाल विकास द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम मे ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री उमाशंकर छिरा, प्राचार्य श्रीमति रितु जैन व सीमा सोनी उपस्थित रहे। मंच संचालन व्यवस्था आदि विश्वनाथ ठाकुर एवं अमित सोनी प्रकाश राकेशिया शिक्षक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग नगरपालिका से सुनील भनारे ( बल्ला भैया) व सुनील भटटू का रहा। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन पर्यवेक्षक श्रीमति रेखा विश्वकर्मा द्वारा किया गया । कार्यक्रम में उमा शर्मा , संध्या परसवार बबिता छिरा ऑ.बा.कार्यकर्ता आभा नामदेव रितु राय विवेणी बझैया, लक्ष्मी सोनी , उमा मेहरा , सीता राजपूत , केशर चांदोरिया आदि के द्वारा कार्यक्रम में सहयोग किया गया।

## टेलरिंग को नए आयाम दे रहे रोज टेलर्स पीढी दर पीढी बढती जा रही गुणवत्ता और टेलरिंग का कोशल

**जबलपुर।** 1965 से अब तक यानी करीब 55 वर्षो से लगातार लोगों की सेवा में समर्पित रोज टेलर्स;मढाताल अब नये फैशन और डिजाइन के साथ नये रूप में पेश कर रहा है। इतने लंबे वक्त से रोज टेलर्स ने अपने पूर्वजों की विरासत को और समृद्ध करने की कोशिश की है। टेलरिंग में रोज टेलर्स ने लगातार नए आयाम जोडे हैं। यहां यह बताना जरूरी है कि अब रोज टेलर्स ने टेलरिंग को अपडेट करते हुए मल्टीब्रांड;रेमंड, सियाराम जेहेम्पस्टेड इत्यादि के संग काम करना आरंभ किया है। रोज टेलर्स के संचालक संदीप जैन ने बताया कि वे अपने पूर्वजों द्वारा सौंपी गयी इस विरासत को बखूबी संभाल रहे हैं और जनता को बेहतर सेवाएं देना चाहते हैं।




**.हर डिजाइन कर रहे रेडी** रोज टेलर्स के श्री जैन ने बताया कि वे हर तरह के डिजाइन तैयार कर रहे हैं। बात चाहे नये फैशन की हो या डिजाइन की सभी तैयार किये जा रहे हैं। इसके अलावा, रोज टेलर्स में अब प्रत्येक आयु वर्ग के लिये एक से बढकर एक डिजाइन तैयार किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रोज टेलर्स की सेवाओं के दायरे को हमने इसलिये बढाया है ताकि वे ज्यादा बडे पैमाने पर लोगों को सेवाएं दे सकें। उन्होंने बताया कि इसके लिये हमने काफ़ी लंबे समय से तैयारियां प्रारंभ कर दी थींए जो पूर्ण हो चुकी हैं। अब रोज टेलर्स प्रत्येक डिजाइन और फैशन के मुताबिक ड्रेस तैयार करने में सक्षम हो गया है। टेलरिंग में जितने भी बदलाव हो रहे हैंए रोज टेलर्स ने सभी को अपनाया है। श्री जैन ने बताया कि बदलाव को कभी रोका नहीं जा सकता और न ही रोका जाना चाहिये। हमारे कारोबार में भी बीते सालों में परिवर्तन आये हैं इसलिये रोज टेलर्स ने भी नये तौर.तरीकों को बखूबी अपनाया ह।

### पाटन के स्व-सहायता समूहों को ढाई करोड के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित

जबलपुर, । आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पाटन में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत यूनियन बैंक पाटन वं सभी शाखाओं के समन्वय से मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब ढाई करो? रुपये के ऋण स्वीकृत पत्र प्रदान किये गये।

# उपचुनाव में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने वृद्ध आश्रम पहुंचकर बाटी मिठाई एवं फल

गोटेगांव। आज 3 नवंबर को प्रातः गोटेगांव नगर पालिका क्षेत्र में बकतला तालाब के पास मै स्थित सैद्धांतिक सीनियर सिटीजन हाउस वृद्धाश्रम में पहुंचकर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने वृद्धजनों को मिठाई एवं फल वितरित कर भाजपा की उपचुनाव मैं जीत पर खुशी व्यक्त की साथ ही कार्यकर्ताओं द्वारा एक दूसरे को भी मिठाई खिलाई मध्य प्रदेश के 3 विधानसभा उपचुनाव में एवं एक लोकसभा की सीट पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत हासिल की यह जी भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो के कारण एवं जनता के आशीर्वाद से प्राप्त हुई इसमें क्षेत्रीय पार्षद गीता सारण विश्वकर्मा चंदन ताम्रकार पंडित नीरज दुबे श्री अशोक पटेल श्री कपिल पटेल सुरेश मल्होत्रा सहित बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।



# राज्य जूडो स्पर्धा में जबलपुर का जलजला




**जबलपुर।** ग्वालियर में मध्य प्रदेश जूडो एसोसियेशन के निर्देशन में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर व केडेट जूडो चैम्पियनशिप में जबलपुर के जूडोकाओं ने शानदार प्रदर्शन कर चार स्वर्ण व छः रजत व दस कॉस्य पदकों के साथ प्रदेश दूसरा स्थान अर्जित किया। रवि गुप्ता अध्यक्ष जिला जूडो एसोसिएशन ,जिला जूडो संघ के सचिव / कोच आबिद हुसैन खान ने बताया कि उक्त स्पर्धा में 12 वर्ष से अधिक व 15 वर्ष से कम उम्र के सब-जूनियर बालक/बालिका तथा 15 वर्ष से अधिक व 18 वर्ष से कम उम्र के केडेट बालक/ बालिकाओं ने भाग लिया । उक्त प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार म.प्र. शासन के उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के द्वारा प्रदान किया गया । जबलपुर दल के जूडो खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा । जबलपुर टीम के पदक विजेता जूडो का इस प्रकार है- अमरीन फिरदौस, सारा परवीन, प्रीति पटेल, स्नेहा थापा, सारका अन्जुम, अनम बानो, ताजवर अन्जुम, अनुष्का शर्मा, चेतना परिहार, रीमशा अंजुम, अरर्शिलरीजा, फरहत नाज, आयशा हुमेरा, अर्थ विश्वकर्मा, आयुष जैन, अपूर्व मालवीय, मानस तिवारी, सुधांश अवस्थी, कृष्णा कुशवाहा व चिन्मय द्विवेदी आदि हैं । राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अतार्उरहमान अंसारी व तावेज अली रहे ।

# लफ्फाजी, वादा खिलाफी के शिकार हुए बरगवां और देवहरा के ग्रामवासी

**अमलाई- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा होते ही एक बार फिर बरगवां और देवहरा ग्राम पंचायत के ग्रामवासी असमंजस की स्थिति में पहुंच गए, उन्हें समझ में नहीं आ रहा पंचायत चुनाव की तैयारी करें या नगर परिषद की, ज्ञात हो कि पूर्व में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री बिसाहूलाल के चुनाव के दौरान एक सभा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी देवहरा एवं बरगवां ग्राम पंचायत को मिलाकर नगर परिषद का गठन किया जाएगा।**

मुख्यमंत्री की घोषणा को 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी इस दिशा में कोई भी आधिकारिक कार्यवाही नहीं होने के कारण क्षेत्र के ग्राम वासी अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता,युवा कार्यकर्ता मोहरे मोड़ पर पहुंच गए हैं। वह पंचायत की चुनाव की तैयारी करें या नगर परिषद की तैयारी,अब देखना यह है जब पंचायत चुनाव सिर पर है तब यह चर्चा पूरे क्षेत्र में व्याप्त है कि कैबिनेट मंत्री के द्वारा अपने चुनाव में वोट लेने के लिए क्षेत्र की जनता के साथ छलावा किया है। जबकि यहां से उपचुनाव के दौरान बिसाहूलाल सिंह को एक तरफा बढ़त मिली हुई थी। विपक्षी दलों के अलावा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व नेता भी अपने आप को छला हुआ महसूस कर रहे हैं।क्योंकि जब भाजपा का कार्यकर्ता जनता के बीच मे होता है तो लोगो के सवाल उन्ही को झेलना प?ता है यहाँ न तो मंत्री जी रहते हैं और न ही जिला अध्यक्ष।

### आखिरकार मंत्री क्यों नही दे रहे ध्यान

नगर परिषद की मांग पूर्व में भी समय समय पर यहाँ के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओ द्वारा उठाया जाता रहा है, किंतु इसकी घोषणा भी कभी नही हुई थी,जब यहाँ अनूपपुर विधानसभा में उपचुनाव हो रहा था,तब बरगवां और देवहरा पंचायत के लोगो की सिर्फ एक ही मांग थी हमारे पंचायत को नगर परिषद बनाया जाये, मंत्री जी ने चुनावी सभा मे मुख्यमंत्री जी द्वारा इसकी घोषणा करवा दी,शासन स्तर पर इसकी कार्यवाही भी प्रारंभ हुई,आबादी व क्षेत्र के अनुसार वार्डो को बांटकर इसकी रिपोर्ट भी शासन को भेज दिया गया किंतु एक वर्ष बीत जाने के बाद भी उसका राजपत्र में प्रकाशन नही हो सका,बीच बीच मे प्रतिनिधि मंडल कैबिनेट मंत्री से मिलता रहा तो उनके द्वारा आश्वासन भी दिया जाता रहा कि बस एक महीने में हो जाएगा किंतु एक वर्ष हो जाने के उपरांत तक इसमें कोई भी अंतिम कार्यवाही नहीं हो पाई।

### भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी निराशा

जब से नगर परिषद की घोषणा हुई तो भाजपा के कार्यकर्ताओं व नेताओ में एक उत्साह था कि हमारी सरकार व हमारे मंत्री ने हमारी मांग को पूरा करवा दिया,किंतु अब जब पंचायत के चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गयी तब सभी मे एक निराशा का भाव आ गया है, कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह हमारी भावनाओं के साथ खिलवा? किया गया है जब गठन होना ही नही था तब यह घोषणा क्यों कि गयी।

### सपने हुए चकनाचूर

जब से नगर परिषद की घोषणा हुई तभी से विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगो मे अध्यक्ष व पार्षद बनने की तैयारी प्रारंभ हो गयी थी,तो कुछ तो अपने आप को अध्यक्ष मान के बैठ गए थे,खासकर मंत्री जी के करीबी कहे जाने वाले लोगो ने तो अपने आपको अध्यक्ष व पार्षद निर्वाचित घोषित कर दिया था,अब देखना है कि इनके सपनो का क्या होगा।

# दिवाली पूजा का शुभ मुहूर्त और दीपक जलाने का उत्तम समय



दिवाली का उत्सव पूरे देश में प्रारंभ हो गया है। हर वर्ष कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को दिवाली का त्योहार मनाया जाता है। जागरण अध्यात्म में आज हम आपको दिवाली पूजा मुहूर्त एवं दीपक जलाने का शुभ समय बता रहे हैं। दिवाली का उत्सव पूरे देश में प्रारंभ हो गया है। हर वर्ष कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को दिवाली का त्योहार मनाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, लंका विजय करने के बाद भगवान श्रीराम जब अयोध्या पहुंचे थे, तब पूरे नगर को दीप मालाओं से सजाया गया था। उसके उपलक्ष्य में ही हर वर्ष कार्तिक अमावस्या को दिवाली मनाते हैं। इस वर्ष दिवाली 04 नवंबर दिन गुरुवार को है। दिवाली के दिन माता लक्ष्मी और गणेश जी की पूजा किस मुहूर्त में करें और दीपक कब जलाएं, यह सवाल सबके मन में रहता है। जागरण अध्यात्म में आज हम आपको दिवाली पूजा मुहूर्त एवं दीपक जलाने का शुभ समय बता रहे हैं। काशी हिंदू विर्श्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के प्रो.के अनुसार, दीपावली चार नवंबर को है। इस अमावस्या में महानिशीथ काल मिल रहा है। दिवाली पर दीप प्रज्वलित करने के लिए प्रदोष काल (शाम 5.19 बजे से शाम 7.53 बजे तक) शुभ है। दिवाली पूजा के लिए शुभ मुहूर्त स्थिर लग्न वृश्चिक में शाम 7.26 से 9.43 बजे तक है, कुंभ स्थिर लग्न दिन 1.36 से 3.07 बजे तक है। वृष स्थिर लग्न में शाम 6.12 बजे से रात 8.08 बजे तक है। स्थिर लग्न में पूजा करना लाभदायक है। महानिशीथ काल की पूजा मध्य रात्रि 12.40 से दो बजे तक की जा सकती है। दिवाली के दिन आपको माता लक्ष्मी और गणेश जी के मंत्रों का जाप करना चाहिए। माता लक्ष्मी की कृपा से आपके जीवन में सुख, समृद्धि और वैभव प्राप्त होगा। इस दिन कोई नया कार्य करना चाहते हैं तो शुभ मुहूर्त का ध्यान रखें।

## दिवाली 2021 का पंचांग

दिन- गुरुवार, कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या तिथि।

दिशाशूल- दक्षिण।

पर्व एवं त्योहार- दिवाली, कार्तिक अमावस्या।

सिंह लग्न रात्रि के 12-20 बजे से रात्रि 02-34 बजे तक।

महानिशीथ काल- रात्रि के 11-19 बजे से 12-11 बजे तक।

विक्रम संवत 2078 शके 1943 दक्षिणायन, दक्षिणगोल, शरद ऋतु कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या 26 घंटे 45 मिनट तक, तत्पश्चात् प्रतिपदा चित्रा नक्षत्र 07 घंटे 43 मिनट तक, तत्पश्चात् स्वाती नक्षत्र प्रीति योग 11 घंटे 10 मिनट तक, तत्पश्चात् आयुष्मान योग तुला में चंद्रमा।

## दिवाली 2021 शुभ समय

प्रीति योग- आज दिन में 11 बजकर 11 मिनट तक। उसके बाद आयुष्मान योग प्रारंभ होगा।

अभिजित मुहूर्त आज दिन में 11 बजकर 43 मिनट से दोपहर 12 बजकर 26 मिनट तक।

विजय मुहूर्त-दोपहर 01 बजकर 54 मिनट से दोपहर 02 बजकर 38 मिनट तक।

अमृत काल- आज रात 09 बजकर 16 मिनट से रात 10 बजकर 42 मिनट तक।

# क्या सच में मिलती है नरक की सजा?

नरक चतुर्दशी का त्योहार एक ओर जहां श्रीकृष्ण के द्वार नरकासुर के वध से जुड़ा है वहीं भगवान वामन, यमराज, कालिका माता और हनुमानजी से भी जुड़ा हुआ है। कृष्ण चतुर्दशी को मासिक शिवरात्रि का व्रत रखा जाता है तो इस दिन शिवजी की भी पूजा होती है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान कर उक्त देवों की पूजा करने से मृत्यु के बाद नरक जाने से मुक्ति मिलती है। आओ जानते हैं कि नरक के बारे में सब कुछ।



1. पुराणों में नरक, नरकासुर और नरक चतुर्दशी, नरक पूर्णिमा का वर्णन मिलता है। नरकस्था अथवा नरक नदी वैतरणी को कहते हैं। नरक चतुर्दशी के दिन तेल से मालिश कर स्नान करना चाहिए। इसी तिथि को यम का तर्पण किया जाता है। सवाल यह उठता है कि नरक या स्वर्ग है क्या? नरक की सजा सच है या भ्रांति?

2. हिन्दू धर्म अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को उसके अच्छे या बुरे कर्मों का परिणाम भुगतना होगा। मनुष्य अपने कर्मों से ही स्वर्ग या नरक की स्थिति को भोगता है। यदि वह बुरे कर्म करेगा को बुरी जगह और बुरी परिस्थिति में होगा और अच्छे कर्म करेगा तो अच्छी जगह और परिस्थिति में होगा। आपने देखा होगा कि बहुत से कीड़े-मकोड़े किस जगह रहते हैं और निश ?चित ही आपके सेप्टीटैंक में भी बहुत से कीटाणु अपना जीवन जी रहे होंगे।

3. संपूर्ण संसार में जो भी जीव-जंतु, पशु-पक्षी आदि दिखाई दे रहे हैं वे सभी आपसे सिर्फ आकार-प्रकार में भिन्न हैं। आपका आकार श्रेष्ठ है इसलिए आप श्रेष्ठ स्थिति में हैं लेकिन आप अपने कर्मों से अपनी चेतना का स्तर नीचे गिराकर जीव-जंतु की योनी में जा सकते हैं। पुराणों अनुसार जीवात्मा 84 लाख योनियों में भटकने के बाद मनुष्य जन्म पाती है। अर्थात नीचे से ऊपर उठने की इस प्रक्रिया को ही ऊर्ध्वगति कहते हैं। अदि मनुष्य अपने पाप कर्मों के द्वारा फिर से नीचे गिरने लगता है तो उसे अधोगति कहते हैं। अधोगति में गिरना ही नरक में गिरना होता है। नीचे गिरना ही अपने आप में एक सजा ही है।

4. जिस तरह हमारा शरीर जब रात्रि में अचेत होकर सो जाता है तब हम हर तरह के स्वप्न देखते हैं यदि हम लगातार बुरे स्वप्न देख रहे हैं तो यह नरक की ही स्थिति है। यह मरने के बाद अधोगति में गिरने का संकेत ही है। दरअसल, आप अपने जीवन में चेतना (जागरण) को उपर उठाते हैं या नीचे गिराते हैं यह आप पर ही निर्भर है। नीचे गिरेंगे तो आपको नीचे के लोक में जीवन मिलेगा।

5. कहते हैं कि स्वर्ग धरती के ऊपर है तो नरक धरती के नीचे यानी पाताल भूमि में हैं। इसे अधोलोक भी कहते हैं। अधोलोक यानी नीचे का लोक है। ऊर्ध्व लोक का अर्थ ऊपर का लोक अर्थात् स्वर्ग। मध्य लोक में हमारा ब्रह्मांड है। सामान्यत- 1.उर्ध्व गति, 2.स्थिर गति और 3.अधोगति होती है जोकि अगति और गति के अंतर्गत आती हैं।

6. पाताल के नीचे बहुत अधिक जल है और उसके नीचे नरकों की स्तिथि बताई गई है। जिनमें पापी जीव स्वत- ही गिरकर सजा पाते हैं। यूं तो नरकों की संख्या पचपन करोड़ है; किन्तु उनमें रौरव से लेकर श्वभोजन तक 21 प्रधान हैं।

7. महाभारत में राजा परीक्षित इस संबंध में शुकदेवजी से प्रश्न पूछते हैं तो वे कहते हैं कि राजन! ये नरक त्रिलोक के भीतर ही है तथा दक्षिण की ओर पृथ्वी से नीचे जल के ऊपर स्थित है। उस लोक में सूर्य के पुत्र पितृराज भगवान यम है वे अपने सेवकों के सहित रहते हैं। तथा भगवान की आज्ञा का उल्लंघन न करते हुए, अपने दूतों द्वारा वहां लाए हुए मृत प्राणियों को उनके दुष्कर्मों के अनुसार पाप का फल दंड देते हैं।

8. श्रीमद्भागवत और मनुस्मृति के अनुसार नरकों के नाम-

1.तामिस्त्र, 2.अंधसिस्त्र, 3.रौवर, 4, महारौवर, 5.कुम्भीपाक, 6.कालसूत्र, 7.आसिपंवन, 8.सकूरमुख, 9.अंधकूप, 10.मिभोजन, 11.संदेश, 12.तप्तसूर्मि, 13.वज्रकंटकशल्मली, 14.वैतरणी, 15.पुयोद, 16.प्राणारोध, 17.विशसन, 18.लालभक्ष, 19.सारमेयादन, 20.अवीचि, और 21.अयत्पान, इसके अलावा.... 22.क्षरकर्दम, 23.रक्षोगणभोजन, 24.शूलप्रोत, 25.दंदशूक, 26.अवनिरोधन, 27.पर्यावर्तन और 28.सूचीमुख ये सात (22 से 28) मिलाकर कुल 28 तरह के नरक माने गए हैं जो सभी धरती पर ही बताए जाते हैं। हालांकि कुछ पुराणों में इनकी संख्या 36 तक है।

9. इनके अलावा वायु पुराण और विष्णु पुराण में भी कई नरककुंडों के नाम लिखे हैं- वसाकुंड, तप्तकुंड, सर्पकुंड और चक्रकुंड आदि। इन नरककुंडों की संख्या 86 है। इनमें से सात नरक पृथ्वी के नीचे हैं और बाकी लोक के परे माने गए हैं। उनके नाम हैं- रौरव, शीतस्तप, कालसूत्र, अप्रतिष्ठ, अवीचि, लोकपृष्ठ और अविधेय हैं। हालांकि नरकों की संख्या पचपन करोड़ है; किन्तु उनमें रौरव से लेकर श्वभोजन तक इक्कीस प्रधान माने गए हैं। उनके नाम इस प्रकार हैं- रौरव, शूकर, रौघ, ताल, विशसन, महाज्वाल, तप्तकुम्भ, लवण, विमोहक, रूधिरान्ध, वैतरणी, कृमिश, कृमिभोजन, असिपत्रवन,कृष्ण, भयंकर, लालभक्ष, पापमय, पूयमह, वहिज्वाल, अध:शिरा, संदर्श, कालसूत्र, तमोमय-अविचि, श्वभोजन और प्रतिभाशून्य अपर अवीचि तथा ऐसे ही और भी भयंकर नर्क हैं।

10. दरअसल, यह धरती पर पाए जाने वाले वे भयंकर स्थान है जहां आप नहीं जाना चाहेंगे या जहां आप किसी अन्य जन्तु के रूप में जन्म लेकर नहीं रहना चाहेंगे, लेकिन यदि आपने अपनी चेतना का स्तर गिरा लिया है तो आप स्वत- ही वहां पैदा होने वाले हैं या सुक्ष्म शरीर के रूप में वहां कुछ काल रहने वाले हैं। यदि आप ध्यान से देखेंगे तो आपके आसपास ही आपको नरक नजर आ जाएंगे, जहां कई जीव जंतु बहुत ही बुरी स्थिति में रह रहे हैं।

11. महाभारत की एक कथा अनुसार युधिष्ठिर को भी एक दिन के लिए नरक में एक मुहूर्त रहना पड़ा था। तब देवराज इंद्र ने युधिष्ठिर को बताया कि तुमने अश्वत्थामा के मरने की बात कहकर छल से द्रोणाचार्य को उनके पुत्र की मृत्यु का विश्वास दिलाया था। इसी के परिणाम स्वरूप तुम्हें भी छल से ही कुछ देर नरक के दर्शन करने पड़े। अब तुम मेरे साथ स्वर्ग चलो। वहां तुम्हारे भाई व अन्य वीर पहले ही पहुंच गए हैं।

# नरक चतुर्दशी पर 14 दीपक जलाएं होगा शुभ

धनतेरस अर्थात धन त्रयोदशी के दिन 13 और नरक चतुर्दशी के दिन 14 दीपक जलाने की परंपरा है। नरक चतुर्दशी के दिन घर में मुख?यत- पांच दीये जलाने का प्रचलन है। इनमें से एक दीया घर के पूजा पाठ वाले स्थान, दूसरा रसोई घर में, तीसरा उस जगह जलाना चाहिए जहां हम पीने का पानी रखते हैं, चौथा दीया पीपल या वट के पेड़ तले रखना चाहिए। वहीं पांचवां दीया घर के मुख्य द्वार पर जलाना चाहिए। घर के मुख्य द्वार पर जलाया जाए वह दीया चार मुंह वाला होना चाहिए और उसमें चार लंबी बत्तियों को जलाना चाहिए।



## नरक चतुर्दशी - रूप चौदस`, पूजा विधि

इसके अलावा आप और भी दीए जलाना चाहें तो 7, 13, 14 या 17 की संख?या में दीए जला सकते हैं। कई लोग छोटी दिवाली के दिन 14 दीपक जलाते हैं। निम्नलिखित जानकारी मान्यता और किवदंतियों पर आधारित है। परंपरा यह देख गया है कि हर राज्य में अलग अलग मान्यताएं हैं कोई समय संख?या में तो कोई विषम संख्या में दीपक जलाता है परंतु उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि किस जगह पर किसके निमित्त दीपक जलाया जा रहा है।

1. पहला दीया रात में सोते वक्त यम का दिया जो पूराना होता है और जिसमें सरसों का तेल डालकर उसे घर से बाहर दक्षिण की ओर मुख कर कूड़े के ढेर के पास रखा जाता है।

2. दूसरा दीया किसी सुनसान देवालय में रखा जाता है जोकि घी का दिया होता है। इसे जलाने से कर्ज से मुक्ति मिलती है।

नरक चतुर्दशी पर क्या खास कार्य करते हैं, 14 दीपक जलाने से होगा महालाभ और यहां दीपक जरूर जलाएं

3. तीसरा दीया माता लक्ष्मी के समक्ष जलाते हैं।

4. चौथा दीया माता तुलसी के समक्ष जलाते हैं।

5. पांचवां दीया घर के दरवाजे के बाहर जलाते हैं।

6. छठा दीया पीपल के पेड़ के नीचे जलाते हैं।

7. सातवां दीया किसी मंदिर में जलाकर रख दें।

दिवाली के पांच दिनी उत्सव में धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली,

गोवर्धन पूजा और भाई दूज पूजा के शुभ मुहूर्त जानिए

8. आठवां दीया घर में कूड़ा कचरा रखने वाले स्थान पर जलाते हैं।

9. नौवां दीया घर के बाथरूम में जलाते हैं।

10. दसवां दीया घर की छत की मुंडेर पर जलाते हैं।

11. ग्यारहवां दीया घर की छत पर जलते हैं।

१2. बारहवां दीया घर की खिड़की के पास जलाते हैं।

13. तेरहवां दीया- घर की सीढ़ियों पर जलाते हैं या बरामदे में।

14. चौदहवां दीया रसोई में या जहां पानी रखा जाता है वहां जलाकर रखते हैं।





# बाबा नहीं आएंगे तो दीया नहीं जलाएंगे

## गोरखपुर का वह गांव जहां सीएम योगी बिना लोग नहीं मनाते दिवाली



गोरखपुर के कुसम्ही जंगल स्थित वनटांगिया गांव जंगल तिकोनिया नंबर तीन। ऐसा गांव जहां दीपोत्सव पर हर दीप योगी बाबा के नाम से जलता है। साल दर साल यह परंपरा ऐसी मजबूत हो गई है कि 60 साल के बुजुर्ग भी बच्चों की तरह जिद करते हुए बोलते हैं कि बाबा नहीं आएंगे तो दीया नहीं जलाएंगे। बाबा यानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

करीब ढाई दशक पहले बतौर सांसद एवं गोरक्षपीठ उत्तराधिकारी के रूप योगी आदित्यनाथ ने वनटांगियों के साथ दिवाली मनाने की जो परंपरा शुरू की, वह उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद भी जारी है। उनकी दीवाली की शुरूआत ही इस बस्ती से होती है। इस बार भी उनके आगमन के दिवाली पर सीएम योगी का बस्ती के हर किसी को शिद्दत से इंतजार है। इसके मद्देनजर तैयारियां जोरों पर हैं। ब्रिटिश हुकूमत में जब रेल पटरियां बिछाई जा रही थीं तो स्लीपर के लिए बड़े पैमाने पर जंगलों से साखू के पेड़ों की कटान हुई। इसकी भरपाई के लिए बर्तानिया सरकार ने साखू के नए पौधों के रोपण और उनकी देखरेख के लिए गरीब भूमिहीनों, मजदूरों को जंगल मे बसाया। साखू के जंगल बसाने के लिए वर्मा देश की टांगिया विधि का इस्तेमाल किया गया, इसलिए वन में रहकर यह कार्य करने वाले वनटांगिया कहलाए। कुसम्ही जंगल के पांच इलाकों जंगल तिनकोनिया नंबर तीन, रजही खाले टोला, रजही नर्सरी, आमबाग नर्सरी व चिलबिलवा में इनकी पांच बस्तियां वर्ष 1918 में बसीं। इसी के आसपास महाराजगंज के जंगलों में अलग-अलग स्थानों पर इनके 18 गांव बसे। 1947 में देश भले आजाद हुआ लेकिन वनटांगियों का जीवन गुलामी काल जैसा ही बना रहा। जंगल बसाने वाले इस समुदाय के पास देश की नागरिकता तक नहीं थी। नागरिक के रूप में मिलने वाली सुविधाएं तो दूर की कौड़ी थीं। जंगल में झोपड़ी के अलावा किसी निर्माण की इजाजत नहीं थी। पेड़ के पत्तों को तोड़कर बेचने और मजदूरी के अलावा जीवनयापन का कोई अन्य साधन भी नहीं। समय-समय पर वन विभाग की तरफ से वनों से बेदखली की कार्रवाई का भय अलग से लगा रहा। वर्ष 1998 में योगी आदित्यनाथ पहली बार गोरखपुर के सांसद बने। उनके संज्ञान में यह बात आई कि वनटांगिया बस्तियों में नक्सली अपनी गतिविधियों को रफ्तार देने की कोशिश में हैं। नक्सली गतिविधियों पर लगाम के लिए उन्होंने सबसे पहले शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को इन बस्तियों तक पहुंचाने की ठानी। इस काम में लगाया गया उनके नेतृत्व वाली महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं एमपी कृषक इंटर कॉलेज व एमपीपीजी कालेज जंगल धूसड़ और गोरखनाथ मंदिर की तरफ से संचालित गुरु गोरक्षनाथ अस्पताल की मोबाइल मेडिकल सेवा को। जंगल तिनकोनिया नंबर तीन वनटांगिया गांव में 2003 से शुरू ये प्रयास 2007 तक आते आते मूर्त रूप लेने लगे। इस गांव के रामगणेश कहते है कि वनटांगिया तो अहिल्या थे, महराज जी (योगी आदित्यनाथ को वनटांगिया समुदाय के लोग इसी संबोधन से बुलाते हैं) यहां राम बनकर उद्धार करने आए। वनटांगिया लोगों को शिक्षा के जरिये समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए योगी आदित्यनाथ ने मुकदमा तक झेला है। 2009 में जंगल तिकोनिया नंबर तीन में योगी के सहयोगी वनटांगिया बच्चों के लिए एस्बेस्टस शीट डाल एक अस्थायी स्कूल का निर्माण कर रहे थे। वन विभाग ने इस कार्य को अवैध बताकर एफआईआर दर्ज कर दी। योगी ने अपने तर्कों से विभाग को निरुत्तर किया और अस्थायी स्कूल बन सका। हिंदू विद्यापीठ नाम से यब विद्यालय आज भी मौजूद है। वनटांगियों को सामान्य नागरिक जैसा हक दिलाने की लड़ाई शुरू करने वाले योगी ने वर्ष 2009 से वनटांगिया समुदाय के साथ दिवाली मनाने की परंपरा शुरू की। इसके बाद यह सिलसिला बन पड़ा। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी योगी इस परंपरा का निर्वाह करना नहीं भूलते हैं। इस दौरान बच्चों को मिठाई, कापी-किताब और आतिशबाजी का उपहार देकर पढ़ने को प्रेरित करते हैं तो सभी बस्ती वालों को तमाम सौगात। इस बार भी दिवाली पर सीएम योगी के आगमन के मद्देनजर ग्रामीण उत्साह से उनकी अगवानी की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जंगल तिकोनिया





नंबर तीन के बुजुर्ग बंशु बताते हैं, गांव में जवन भी काम लउकत बा, सब बाबा के ही करावल है। नाइ त के पूछे वाला रहल। बाबा के गोड़ (पैर) पड़ल त समझा कि उदयार हो गइल। गांव में सबके लिए पक्का मकान, शौचालय, बिजली, रसोई गैस, खेती के लिए जमीन का पट्टा, बच्चों के लिए स्कूल समेत सीएम योगी से मिले कई सौगातों का जिक्र करते हुए बंशु दिवाली पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की खुद ही चर्चा कर उत्साहित हो जाते हैं ।बाबा जी (योगी) के नजर नाही पड़त त हम्मन के कई पीढ़ी अउर अइसहीं बीत जात। चंद्रजीत का यही एक वाक्य ही वनटांगियों की जिंदगी के सौ साल और अब साढ़े चार साल के अंतर को स्पष्ट कर देता है। चंद्रजीत उस घटनाक्रम के भी साक्षी हैं, जब वनटांगिया समुदाय के बच्चों के लिए एक अस्थायी स्कूल खोलने को लेकर वन विभाग ने योगी पर मुकदमा करा दिया था। योगी तब सांसद थे। चंद्रजीत निषाद के मुताबिक, बाबा जवन ठान लेवलें वोके हरहाल में पूरा कइके रहेलें। स्कूल बनवले से रोकल जात रहल। आज गांवें में दू गो स्कूल ही नाही बा बल्कि ऊ सब सुविधा-व्यवस्था भी बा जवन शहर में होला।

# दीवाली से पहले पत्नी की हत्या करके खुद फांसी में झूला




कुल्हाड़ी से काटा, कुण्डम में शोक का माहौल

**जबलपुर, यशभारत।** कुण्डम के डोली ददरगवां में सनकी पति ने पत्नी का कुल्हाड़ी से गला काटकर मौत के घाट उतार दिया और खेत में जाकर खुद फांसी में झूल गया। इस वारदात के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शव को पीएम के लिए भेजते हुए मामले को जांच में लिया है। इस घटना के बाद कुण्डम में शोक का माहौल है। कुण्डम थाना प्रभारी प्रताप सिंह मरकाम ने बताया कि मंगलवार की दरमियानी रात करीब 11 बजे डोली ददरगवां निवासी मंगी बाई उम्र 45 वर्ष का पति पुन्नू सावरकर बरकड़े उम्र 50 वर्ष से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। परिजनों के दिए बयानों के अनुसार दोनों में अक्सर छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद होता रहता था और सनकी पति अक्सर अपनी पत्नी को मौत के घाट उतारने की बात करता था।

## कुल्हाड़ी से किए अनेक वार

थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार रात को भी दोनों का आपस में बहुत झगड़ा हुआ। जिसके बाद सनकी पति ने पास में ही रखी कुल्हाड़ी से पत्नी के चेहरे में कई वार किए। पत्नी चीख भी नहीं पाई और उसकी मौत हो गई।

## खेत में लगा ली फांसी

जानकारी अनुसार हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद पश्चाताप के चलते पति पुन्नू सावरकर बरकड़े सीधे अपने खेत में गया और वहां पेड़ पर गमछे से फंदा बनाया और फांसी पर झूल गया।

## बेटी और बहू थीं घर पर

पुलिस ने बताया कि मृतिका की बेटी और पुत्र लोकेश बरकड़े की पत्नी घर पर ही सो रही थी। वारदात के बाद अचानक बेटी की नींद खुली और उसने अपनी माँ की खून से लथपथ लाश देखी तो वह आवक रह गयी। और जोर जोर से रोने लगी। उसके रोन की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग आ गए और उन्होंने जब यह नजारा देखा तो सन्न रह गये और तुरंत पुलिस को सूचित किया।

## खेत में मिला झूलता शव

ग्रामीणों ने बताया कि वारदात के बाद सभी पुन्नू सावरकर बरकड़े को खोज रहे थे। लेकिन वह घटना स्थल से फरार हो गया था। अलसुबह लोगों ने देखा कि उसका खेत में फंदे पर शव झूल रहा है। जिसके बाद पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है।

## पत्नी पर पहले भी किया है हमला

ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि पुन्नू सावरकर बरकड़े पेशे से किसान था और शुरु से ही सनक मिजाजी था। यही कारण था कि उसकी पुत्र लोकेश से भी नहीं बनती थी। जिसके चलते ही उसका बेटा लोकेश कमाने-खाने के लिए गुजरात गया हुआ था।

## एएसपी व डीएसपी पहुंची गांव

हत्या और फिर आत्महत्या की इस दोहरी घटना की खबर मिलते ही कुंडम टीआई मौके पर पहुंचे। सूचना पर जबलपुर से एएसपी संजय अग्रवाल और डीएसपी ग्रामीण अपूर्वा किलेदार भी एफएसएल टीम के साथ पहुंची। परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए कुंडम भिजवा दिया गया है। डीएसपी अपूर्वा किलेदार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि पुन्नू सनकी था। उसे कम सुनाई पड़ता था। वह इसे लेकर अक्सर पत्नी से लड़ता था कि वह उसका इलाज नहीं करा रही है।



बाजार में पड़ा शव जांच में जुटी पुलिस

# खितौला में भाजपा के पूर्व मोर्चा अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

**जबलपुर, यशभारत।** धनतेरस में पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच खितौला में सिहोरा नगर भाजपा मंडल के पूर्व अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष सुरेश बर्मन (50) की



गोली मारकर हत्या कर दी गई। ये वारदात बदमाशों ने उस समय अंजाम दिया, जब वे बाइक लेकर बाजार में निकले थे। हमलावर सुरेश की बाइक और मोबाइल भी छीन ले गए। हालांकि उनकी जेब में मौजूद 4 हजार रुपए छोड़ गए। पुलिस सीसीटीवी फु टेज, सर्विलांस आदि की मदद से आरोपियों का पता लगाने में जुटी है। खितौला टीआई जगोतिन मसराम के मुताबिक खितौला वार्ड नंबर-9 पहरेवा नाका निवासी सुरेश बर्मन की वेल्डिंग की घर में ही दुकान थी।

**बीच बाजार में बाइक सवारों ने वारदात को दिया अंजाम**

वह बीजेपी का वर्तमान में सक्रिय कार्यकर्ता थे। मंगलवार की रात 9.30 बजे के लगभग वह घर में पत्नी ज्ञानबाई को बोलकर निकले थे कि अभी थोड़ी देर में लौट आएगा। सुरेश बाइक से खितौला निकला था। खितौला मोड़ पर पेट्रोल पंप के सामने बाइक से दो बदमाश पहुंचे और पीछे से गोली मार दी। गोली सिर को पार करते हुए निकल गई। सुरेश की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी, सुरेश की बाइक और मोबाइल लेकर मौके से भाग निकले। बदमाशों की संख्या दो ही थी या चार, इसकी पुलिस तस्दीक करने में जुटी है। हैरानी की बात ये है कि इस वारदात को होते हुए किसी ने नहीं देखा।

**मामला वर्क्स कमेटी का**

# जीसीएफ प्रबंधन पर हो सकता संज्ञेय अपराध दर्ज

## कर्मचारियों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता है

**जबलपुर यशभारत।** जीसीएफ मे वर्क्स कमेटी का कार्यकाल खत्म हुए डेढ़ वर्ष हो चुके हैं।जब सब काम सामान्य रूप से प्रारंभ हो चुके हैं तब बिना कोई कारण के कार्य समिति के चुनाव टालना अपराध की श्रेणी में आता है।यदि प्रबंधन जानबूझकर चुनाव टालता है तो उस पर श्रमायुक्त द्वारा संज्ञेय अपराध का मामला दर्ज किया जा सकता है।



उल्लेखनीय है कि सभी यूनियनों की ओर से इस संबंध में अपने स्तर के साथ ही संयुक्त रूप से प्रबंधन को वर्क्स कमेटी चुनाव करवाने के लिए अनेक बार लिखा जा चुका है।इसकी शिकायत निर्माणी के श्रम कल्याण आयुक्त के साथ क्षेत्रीय श्रमायुक्त से भी की गई है।जिस पर श्रमायुक्त ने यथासंभव जल्द चुनाव कराने की अनुसंशा भी की है।

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निर्माणी मे श्रम मंत्रालय की ओर से पदस्थ सहायक श्रम कल्याण आयुक्त ने भी प्रबंधन को चुनाव कराने के लिए नोटिस जारी किया जा चुका है।यदि प्रबंधन चुनाव नहीं कराता है तो आगे अपराधिक किया जा सकता है।

विधि के जानकारों के अनुसार फैक्ट्री एक्ट के तहत औद्योगिक विवाद अधिनियम1948के अनुसार प्रत्येक दो वर्ष में अपना प्रतिनिधि चुनने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है।यदि प्रबंधन इसे जान बूझकर टालता है तो यह संविधान के नियमों की अवहेलना की श्रेणी में आता है।अब देखा जाना होगा कि प्रबंधन चुनाव कराता है या उस पर जमानत योग्य अपराधिक मामला कायम होता है।

# गोरखपुर में दिये बेच रहे युवक को बाइकर्स ने मारी गोली

जबलपुर, यशभारत। गोरखपुर में दीपावली पर्व पर अपनी माँ के साथ छतरपुर से मिट्टी के दिए बेचने आए एक युवक को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया और फरार हो गए। जिसके बाद आनन-फानन में युवक को उसके परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया।

## छतरपुर से अपनी माँ के साथ आया युवक

पुलिस ने मामले की एफआईआर कर, फरार आरोपियों को तलाश करने में जुटी है। पुलिस को श्रीमती पार्वती प्रजापति उम्र 50 वर्ष निवासी छतरपुर थाना पनागर ने बताया कि बेटे रवि के साथ दिये तथा मिट्टी के खिलौने दीपावली त्यौहार में बेचने के लिये जबलपुर गोरखपुर आई थी। छोटा बेटा रवि अपनी दुकान पर ही था । जिसके पास में मेरा भाई विश्वनाथ प्रजापति बैठा था, तभी एक मोटर सायकल पर 2-3 युवक हुड़दंग मचाते हुये गुलाटी चौक की तरफ से आये उनके पीछे दो बाइकों में युवक बैठे थे। उसमें से एक बाइक सवार युवक ने उसके बेटे रवि को रिल्वाल्वर से गोली मार दी। जिससे रवि को पीठ में गोली लगी और रवि वहीं पर गिर गया वह एवं बेटा अनिल दौड़कर आये और बेटे रवि कुमार उम्र 27 वर्ष को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

# मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय परीक्षा-परिणाम की जिम्मेदारी यूपी की कंपनी को

## आईटी सेल गठन के लिए दो अधिकारियों की नियुक्ति



**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में शैक्षणिक व्यवस्थाएं अब पटरी पर दौड़ेंगी। इसके लिए एमयू ने परीक्षा-परिणाम देख रही ब्लेक लिस्टेड ठेका कंपनी से काम छीन लिया है। यूपी के एक ठेका कंपनी को परीक्षा-परिणाम की नई जिम्मेदारी दी गई है। इधर परीक्षा-परिणाम समय पर घोषित हो इसके लिए मप्र चिकित्सा विभाग ने दो अधिकारियों की आईटी सेल में नियुक्ति की है। दोनों अधिकारी दीपावली बाद जबलपुर पहुंचकर अपना कामकाज संभालेंगे। मालूम हो कि एमयू में परीक्षा-परिणाम संबंधी कार्य करने वाली ठेका कंपनी माइंडलॉजिक्स के गोपनीय विभाग के एक बाबू को निजी मेल पर रिजल्ट भेजे जाने के खुलासे के बाद कई गड़बडियां उजागर हुई थी। चिकित्सा शिक्षा विभाग की जांच में ही विवि में फेल-पास की गंभीर अनियमितता की प्रारंभिक जानकारी सामने आयीं थी। उसके बाद घोटाला पकड़ने वाले अधिकारियों को ही आनन-फानन में हटा दिया गया। विवि में इस अनियमितता को लेकर हाईकोटऱ् में जनहित याचिका लगाई गई।



### नोएडा यूपी कॉनकार्व कंपनी को जिम्मेदारी

सूत्रों के अनुसार मप्र चिकित्सा विभाग ने परीक्षा-परिणाम संबंधी कार्य करने वाली ठेका कंपनी माइंडलॉजिक्स की गलत गतिविधियों को देखकर उसे हटा दिया है अब यह जिम्मेदारी नोएडा यूपी कॉनकार्व कंपनी को नई जिम्मेदारी दी गई है। कंपनी दीवाली बाद अपना कामकाज शुरू करेगी।

### विवि के परीक्षा-परिणाम समय पर घोषित होंगे

मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय कुलसचिव पीएन बुधौलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कुलपति बी. चन्द्रशेखर निर्देशन में विश्वविद्यायीन सभी कार्य तेजी से चल रहे है और नये आयामों को छू रहे है। इसी तारतम्य में आईटीसेल के गठन के लिये सेवा प्रदाता कंपनी के द्वारा अनुबंध कर लिया गया है। जिससे एमयू में आईटी सेल के गठन के मार्ग प्रशस्त हो गया है। इससे भविष्य में परीक्षा संबंधी कार्यों में दक्षता आयेंगी। साथ ही साथ ऑप्शनल माईग्रेशन एवं अंकसूचियों में जो त्रुटियां आती थी वह भी अब नहीं होंगी। एमयू के रजिस्ट्रार श्री प्रभात बुधौलिया ने बताया कि अब एमयू में परीक्षा संबंधी कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। अगले 5-6 दिनों में बीएससी नर्सिंग फोर्थ ईयर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जायेगा। इसके साथ ही बीएएमएस फर्स्ट, थर्ड व फोर्थ ईयर की परीक्षायें चल रही है, कई विद्याओं के परीक्षाओं के टाईम टेबल घोषित कर दिये गये है। विश्वविद्यालय इस बारे में कटिबंद्ध है कि घोषित टाइम टेबल परिवर्तित नहीं किये जायेंगे।

# केंद्र कर्मियों को 8 नवंबर से बायोमेट्रिक हाजिरी अनिवार्य

जबलपुर यशभारत। केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को अब ड्यूटी पर उपस्थिति के लिए इलेक्ट्रॉनिक मशीन से हाजिरी लगाना अनिवार्य रूप से लागू कर दिया है।कर्मचारी अब थंब इम्प्रेशन या इलेक्ट्रॉनिक कार्ड के जरिए ड्यूटी आने जाने के दौरान अनिवार्य रूप से करेंगे।इसके आदेश 1नवंबर को जारी कर दिये गए हैं।कार्मिक मंत्रालय की ओर से उमेश कुमार भाटिया उपसचिव भारत सरकार ने जारी पत्र में कहा है कि कोरोना संक्रमण के समय जो भौतिक हाजिरी की छूट दी गई थी उसे वापिस लिया जा रहा है।संस्थानों के प्रमुखों को निर्देश है कि प्रत्येक बायोमेट्रिक मशीन के पास सेनेटाइजर की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।यथा सम्भव अधिकारी को तैनात किया जाए जो लगातार मशीनों के सेनेटाइजिंग पर नजर रखेंगे।कर्मचारी भी मशीन के पास आते जाते समय सेनेटाइज करेंगे।आदेश मे यह भी कहा गया है कि मशीनों को खुले में लगाए जरूरत होने पर अतिरिक्त मशीनों को स्थापित किया जाए।

**कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय ने जारी किया आदेश**

## श्रीमती पूर्णिमा यादव का निधन

**जबलपुर ।** छोटीओमती झंडा चौक निवासी श्रीमती पूर्णिमा यादव का निधन हो गया। वे स्व. श्री विमल यादव की धर्मपत्नी, डॉ. जितेन्द्र यादव,कार्पोरेशन कबड्डी संघ के सचिव शानू यादव , दीपक यादव की बहिन एवं पीयूष यादव की माताजी थीं। अंतिम यात्रा निज निवास से करियापाथर मुक्तिधाम पहुंची जहां अंतिम संस्कार किया गया। समाज के सभी वर्ग के लोगों ने उपस्थित होकर दिवंगत को नम आखों से विदाई दी।

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
INDORE The Legend of Quality
•SWEETS • NAMKEEN • BAKERY • FAST FOOD
Harivind INVITING TO EAT
अब आपकी सेवा में
इंदौर स्वीट्स का 6वां नवीन प्रतिष्ठान
चेरीताल, दमोहनाका रोड जबलपुर
Our Exclusive Outlets
•Ganjipura : 0761- 4074089 • Labour Chowk : 0761- 4003777
•Rampur : 0761- 4081564 • Adhartal : 0761- 4004438
•Sadar : 0761- 4923418 • Cherital : 0761- 4085840
Like us @indores
Like us @indoresweets
प्रबंध संचालक - कैलाश साहू (नगर उपाध्यक्ष) भाजपा जबलपुर,
दीपक साहू (अध्यक्ष) साहू युवा संस्था।
सुलभ, सुयश, सत्यम, कबीर, वरेण्यम
एवं साहू परिवार, जबलपुर (म.प्र.)
ARPITA

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK'S Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार
अजित कुमार
गुलाबी चना • मुरमुरा
बोल्ड चना • केला चिप्स
बोल्ड पीनट • मसाला चना
ड्राय मेल • चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

अब नये परिवेश में - दीपावली की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नाशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
दीपावली की शुभकामनाएं , खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )